राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 63 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसें हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं।

## भारत ने एलएसी पर बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

### भारत के सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया, जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन

**सीमा विवाद**

= सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया और जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**देश की** राजधानी में जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के बीच भारतीय सेना ने अचानक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। भारतीय सैनिकों ने घोड़ों व खच्चरों पर सवार होकर गलवान घाटी के पास सर्वे किया और जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं हैं। जी-20 सम्मेलन से अलग चीन और भारत के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हुई है, जिसमें डॉ. एस. जयशंकर चीन के साथ संबंधों को 'असामान्य' बता चुके हैं। चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी 20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर चीनी विदेश मंत्री किन गांग से दिल्ली में करीब 45 मिनट तक मुलाकात की। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर स्थिति को नियंत्रण में रखने की बात कही। उन्होंने दोनों पक्षों को महत्वपूर्ण सहमति लागू करने, संवाद बनाए रखने और मतभेदों को सुलझाने की वकालत की। भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखकर सामान्य नियंत्रण के लिए सीमा की स्थिति के शुरूआती बदलाव को बढ़ावा देना चाहिए। भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बीच अचानक भारतीय सेना ने गलवान घाटी और पैन्गोंग झील एरिया में अचानक हलचल बढ़ा दी। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात भारतीय सेना की टुकड़ियों ने एलएसी के आसपास के इलाकों में घोड़ों और खच्चरों से सर्वेक्षण किया। इसके अलावा जमी हुई पैन्गोंग झील पर हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां कीं। सेना ने आधिकारिक तौर पर तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें भारतीय सैनिक पूर्वी लद्दाख में किसी स्थान पर क्रिकेट खेलते दिख रहे हैं।

### हम असंभव को संभव बनाते हैं: सेना की 14 कॉर्प्स

**लेह** स्थित सेना की 14 कॉर्प्स ने ट्वीट किया, "पटियाला ब्रिगेड, त्रिशूल डिवीजन ने शून्य से नीचे तापमान में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में पूरे उत्साह और जोश के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया, हम असंभव को संभव बनाते हैं।" हालांकि, सेना ने इस स्थान का खुलासा नहीं किया, लेकिन यह जगह पेट्रोलिंग प्वाइंट 14 से लगभग 4 किलोमीटर दूर है। गलवान घाटी की यह वही जगह है, जहां 15/16 जून, 2020 को चीनी सेना ने भारत के जवानों पर विश्वासघात कर हमला किया था। इस हमले में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे और चीन ने काफी समय बाद माना कि इस संघर्ष में उसके भी 5 जवान मारे गए थे। हालांकि, पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच मई, 2020 से गतिरोध चल रहा है, लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद तनाव और बढ़ा, जिसकी वजह से सीमा पर दोनों देशों के हजारों सैनिक तैनात हैं और कई बार विवाद की भी स्थिति पैदा हुई है। पूर्वी लद्दाख सीमा पर जिस जगह भारतीय सेना के जवानों ने क्रिकेट खेली, वह स्थान भारत और चीन की ओर से आमने-सामने के टकराव से बचने के लिए बनाए गए बफर जोन से अच्छी खासी दूरी पर है।

## मनीष सिसोदिया की रिमांड 6 मार्च तक बढ़ी



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। आज मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने सिसोदिया की तीन दिनों की हिरासत बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट के पूछे जाने पर सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया से रोजाना रात आठ बजे तक पूछताछ हुई है। सिसोदिया की ओर से वकील दायन कृष्णन ने कहा कि सीबीआई की पहले दिन की हिरासत अर्जी और आज क हिरासत अर्जी में कोई अंतर नहीं है। तब कोर्ट ने कहा कि ये देखना होगा कि कितनी चीजों पर अभी पूछताछ बाकी है।


## देश को बदनाम करने में जुटे हैं राहुल गांधी: भाजपा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि बीते दिनों कैंब्रिज विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने जिस तरह देश को अपमानित और बदनाम करने की कोशिश की वैसा तो पाकिस्तान भी नहीं करता है। संबित ने कहा कि देश में इस समय जी20 चल रहा है। यहां शीर्ष 20 देशों के प्रतिनिधि भारत की तारीफ कर रह हैं लेकिन यह दुखद है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। संबित ने कहा कि आज भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा


## बिल गेट्स ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**अमेरिकी** बिजनेसमैन बिल गेट्स ने शुक्रवार को भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने हेल्थ, क्लाइमेट चेंज, जी20 प्रेसिडेंसी समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। इस मुलाकात के बारे में बिल गेट्स ने अपने ऑफिशियल ब्लॉग गेट्सनोट्स में लिखते हुए भारत की तारीफ की। 'मैं इस हफ्ते भारत में हूं। ऐसे समय में जब दुनिया कई चुनौतियों से घिरी है, भारत जैसी डायनामिक और क्रिएटिव जगह पर होना प्रेरणादायक है।'

## 'अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति है। इसी रास्ते पर चलते हुए भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सह-संचालन उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा अवसंरचना और निवेश विषय पर आयोजित बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास में अवसंरचना का महत्व हमेशा से ही रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की ग्रोथ को नई ऊर्जा देने वाला है। दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स और कई प्रतिष्ठित मीडिया हाउसेस ने भारत के बजट और उसके रणनीतिक निर्णयों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अवसंरचना विकास पर निवेश नहीं करने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लिया।

## आतंकी पन्नू की शाह-सीएम मान को धमकी



**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**

**सिख** फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने देश के गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब के मुख्यमंत्री सीएम भगवंत मान को धमकी दी है। इसके साथ उसने शनिवार की सुबह पंजाब-हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर खालिस्तान समर्थन के साथ-साथ जी20 देशों के प्रतिनिधियों का खालिस्तान में स्वागत के स्लोगन भी लगा दिए हैं। पन्नू ने गृहमंत्री शाह और सीएम मान को खुली चुनौती दी है। आतंकी पन्नू का कहना है कि बीते दिनों पंजाब के सैकड़ों घरों पर केंद्र व पंजाब सरकार ने पुलिस भेजी। लोगों को परेशान और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई। पंजाब के घर-घर में बारूद बन रहा है। यह बारूद तभी फटेगा, जब वे चाहेंगे। इसमें गृहमंत्री शाह और सीएम मान की राजनीतिक मौत होगी।

**पंजाब-हरियाणा खालिस्तान का हिस्साः** पन्नू ने कहा कि शंभु बॉर्डर पर लिखे गए स्लोगन भारत को संदेश है।

अब पंजाब और हरियाणा भारत का हिस्सा नहीं है और यह खालिस्तान है। पन्नू ने राज्य के युवाओं को 15-16 मार्च को जी20 में पहुंच रहे प्रतिनिधियों को खालिस्तान का संदेश पहुंचाने के लिए इकट्ठे होने के लिए भी कहा है।



# जैव-ऊर्जा क्षेत्र में नीतिगत सुझावों के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के साथ समन्वय करेगी राज्य सरकार: मुख्यमंत्री

**8 थर्मल पावर, सीमेंट और स्टील जैसे कई क्षेत्रों से उत्सर्जन कम करने के लिए जीवाश्म ईंधन के विकल्पों की सम्भावनाएं तलाशी जा रही हैं**

**शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सुक्खू ने शुक्रवार सायं इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस आईएसबी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार उभरते जैव-ऊर्जा क्षेत्र में नीतिगत सुझावों एवं अनुसंधान सहयोग के लिए आईएसबी के साथ समन्वय करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चीड़ की पत्तियों और बांस से जैव ऊर्जा उत्पादन का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगी। प्रदेश में शंकु वन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं और बांस उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर लोगों की



सहभागिता से उनकी आय में वृद्धि की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि थर्मल पावर, सीमेंट और स्टील जैसे कई क्षेत्रों से उत्सर्जन कम करने के लिए जीवाश्म ईंधन के विकल्पों की सम्भावनाएं तलाशी जा रही हैं। ऐसे में चीड़ की पत्तियों से बने ईंधन को सम्भावित विकल्प के रूप में शामिल किया जाएगा, क्योंकि इसकी ऊष्मीय महत्ता अधिक है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।
आईएसबी इस परियोजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापार मॉडल और समुचित प्रौद्योगिकी प्रदान करेगा जिसमें राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आईएसबी उद्योग के लिए सहयोग एवं खरीददारों के माध्यम से उपयुक्त बाजार भी उपलब्ध करवाएगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2025 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार द्वारा पैट्रोल में इथेनॉल की प्रतिशतता 10 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत की गई है। उन्होंने कहा कि आईएसबी बांस से इथेनॉल, कम्प्रेस्ड बायोगैस फर्टिलाइज? बनाने का काम भी करेगा। इथेनॉल के अपशिष्ट बड़ी मात्रा में कम्प्रेस्ड बायोगैस और बायो फर्टिलाइज? के उत्पादन में फीडस्टॉक के रूप में उपयोग में लाए जाते हैं।
मुख्यमंत्री ने सामुदायिक वन स्वामित्व के महत्व पर बल देते हुए कहा कि इसके माध्यम से वनों की सुरक्षा तथा सतत प्रबंधन के लिए प्रोत्साहन मिलता है।
उन्होंने कहा कि सामुदायिक वन स्वामित्व वृहद् सामाजिक दायित्वों से जुड़ा है और इससे वनों के संरक्षण को और अधिक प्रोत्साहन मिलता है।
उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक मामलों के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलती है और ऐसे में यह औद्योगिक भागीदारों और निजी निवेश को भी आकर्षित करेगा।
इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के कार्यकारी निदेशक प्रो. अश्वनी छत्रे और नीति निदेशक डॉ.आरुषि जैन ने आईएसबी की परियोजनाओं के बारे में अवगत करवाया।
बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव अभिषेक जैन और ओएसडी गोपाल शर्मा भी उपस्थित थे।

# राजकीय महाविद्यालय देहरी के एनएसएस विद्यार्थियों ने 'स्वस्थ भारत मिशन' के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया



**फतेहपुर/विजय समयाल**
राजकीय महाविद्यालय देहरी के एनएसएस विद्यार्थियों ने कैंप के छठे दिन रैहन बाजार मे 'स्वस्थ भारत मिशनझ के अंतर्गत सफ ाई अभियान कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अनिल एवं प्रोफेसर दीपशिखा के नेतृत्व में चलाया राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी ने बाजार में प्लास्टिक कूड़ा कचरा इक्ा करने के साथ वहां उपस्थित जनता, दुकानदारों एवं राहगीरों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने एवं घर से थैला लेकर आने के लिए भी निवेदन किया। इसके साथ सरकारी हॉस्पिटल में एवं पुलिस चौकी रैहन मैं भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने के लिए आह्वान किया। पुलिस चौकी रैहन मैं जाकर वहां पर कानूनी प्रक्रिया को समझा। इस मौके पर पुलिस अधिकारी सीमा ने महिला अधिकारों एवं महिला के प्रति होने वाली हिंसा की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी विद्यार्थियों को दी।
रैहन चौकी के प्रभारी राजेंद्र कुमार, राजकुमार ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट जरूर पहने एवं नशे से हमेशा दूर रहें।

# डोडरा क्वार क्षेत्र के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से की भेंट

**शिमला/चमन शर्मा**
जिला शिमला के डोडरा क्वार क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा की अध्यक्षता में आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मांगों और समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनकी उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। कांग्रेस मण्डल रोहडू के उपाध्यक्ष महेन्द्र बासु, ग्राम पंचायत जिस्कून के पूर्व



प्रधान राजेश कुमार, पूर्व प्रधान शंकर चौहान और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों के लिए होंगे साक्षात्कार

**नाहन/एसपी जैरथ**
मैसर्ज एसआईएस इंडिया लि. शाहतलाई द्वारा स्क्योरिटी गार्ड और सुपरवाईजर के 100 पदों पर नियुक्ति की जानी है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन भर्तियों के लिए उप रोजगार कार्यालय राजगढ़ और संगड़ाह में भर्ती शिविर आयोजित किये जाएंगे, जहां पर साक्षात्कार के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्तियां होंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उप-रोजगार कार्यालय राजगढ़ में भर्ती हेतु 6 मार्च और उप-रोजगार कार्यालय संगड़ाह में भर्ती हेतु 7 मार्च 2023 को भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्क्योरिटी गार्ड सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के पद हेतु शारीरिक मापदंड व लंबाई 168 से.मी, सीना 80-85 सें.मी, उम्र 21 से 37 वर्ष के बीच, जबकि वजन 56 किलोग्राम से ज्यादा और 90 किलोग्राम से कम तथा शैक्षिक योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व प्रशिक्षण के लिए रीजनल प्रशिक्षण केन्द्र झबोला, बिलासपुर भेजा जाएगा। पात्र इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अपने 2 फोटो, मूल प्रमाण पत्र, अपने बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाण पत्र भी साथ लाएं। सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार स्थल पर रिपोर्ट करना सुनिश्चित बनाएं।

# कुछ खास होली के ये रंग, महिलाओं ने तैयार किए हर्बल रंग

**नाहन/एसपी जैरथ**
होली को देखते हुए जिला में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने कुछ खास किस्म के रंग तैयार किए है। जिन्हें नाहन में स्टाल लगाकर बेचा जा रहा है। खास बात यह भी है कि इन रंगों में किसी किस्म के केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया गया है था लिहाजा ये किसी भी तरीके से आपके लिए खतरनाक नहीं है। नाहन में इन महिलाओं द्वारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी फॉर वूमेन के बैनर तले महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हर्बल कलर बेचे जा रहे हैं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा इन रंगों को



तैयार किया गया है। रंगो के अलावा महिलाओं द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार के अन्य उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए है। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने खुद यह प्राकृतिक रंग तैयार किए है जिसके इस्तेमाल से त्वचा को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। यह रंग प्राकृतिक पदार्थ जैसे आरारोट, मैदा, मक्की के आटे से बनाए गए हैं और इनमें केमिकल का प्रयोग नहीं हुआ है। महिलाओं ने बताया कि वह कई प्रकार के उत्पाद तैयार करती है मगर उन्हें बेचने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्योंकि उनके पास कोई ऐसा स्थान नहीं है ऐसे में महिलाओं की प्रशासन से मांग है कि उन्हें इन उत्पादों को बेचने के लिए कोई स्थान उपलब्ध करवाया जाए।
सोशल वेलफेयर सोसाइटी फॉर वूमेन की प्रदेश उपाध्यक्ष साधना वर्मा ने बताया कि सोसाइटी पूरे प्रदेश में महिलाओं के हितों के लिए काम कर रही है।

# घर में घुस कर लुटेरों ने की लूटपाट, पुलिस में केस दर्ज

**नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन के वार्ड नंबर 2 में लुटेरों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिमला मार्ग के नजदीक किराए के मकान में रह रहे औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के एक उद्योगपति को बंधक बनाकर बदमाशों ने उनके घर में लूटपाट करी। घटना को अंजाम देते हुएइ लुटेरे नकदी के अलावा घर में रखा अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए हैं। पीड़ित एन के इंडस्ट्री के मालिक नरेंद्र गुलाटी ने इस लूटपाट की बाबत पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं शिकायतकर्ता के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसारए तीन बदमाश लुटेरे किराए पर मकान तलाशने के बहाने घर में घुसे थे। जिसके बाद उन्होंने नरेंद्र से पूछा कि मकान मालिक कहां है तो उन्होंने बताया कि वह नीचे रहते हैं। मौका पाते ही बदमाश लुटेरों ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और लैपटॉप, मोबाइल, सोने की दो अंगूठियां व गोल्ड चेन के अलावा शराब की चार बोतलें, सूटकेस, स्टॉली व अन्य कीमती सामान भी लूट कर फरार हो गए। जैसे-कैसे पीड़ित ने मकान की



खिडक ी से नीचे उतर कर गुन्नू घाट पुलिस चौकी को इस वारदात की सूचना दी। पीड़ित ने पुलिस से जल्द ही दोनों आरोपियों को हिरासत में लेने की गुहार लगाई है। मामले की पुष्टि एसपी रमन कुमार मीणा द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस जल्द ही इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को हिरासत में लेगी। बरहाल चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा से घिरे हुए नाहन शहर में लुटेरों ने जिस तरह दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया है उससे पूरे शहर में दहशत का माहौल है। बुलंद हौसलों के चलते लुटेरों ने जिस तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है उससे यह तो साफ हो गया है की क्षेत्र में नैतिक तत्व सक्रिय है। तो वही शहर सुरक्षा को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली भी कमजोर नजर आ रही है। सवाल तो यह भी उठता है कि शहर में ऐसे कितने मकान मालिक हैं जिन्होंने अपने किरायेदारो का विवरण पुलिस थाना में दर्ज कराया हुआ है।

# भाजपा सरंकार द्वारा खोले गए संस्थानों को बंद करने के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान शुरू : डॉ. बिंदल

**नाहन/एसपी जैरथ**
पंजाहल गांव में हस्ताक्षर अभियान किया गया। पंजाहल गांव में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा डॉ. राजीव बिन्दल के भरपूर प्रयासों से नई पीएचसी खोली गई थी। वर्तमान विधायक अजय सोलंकी के निर्देश पर कांग्रेस सरकार ने इसे बंद कर दिया। इस पीएचसी को बंद करने के विरोध में व नाहन विधानसभा क्षेत्र के 13 संस्थानों को बंद करने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान किया गया। इस मौका पर विशेष रूप से मौजूद पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिन्दल, जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर, पंचायत प्रधान, आस-पास की पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि व धारटी के नेता गण मौजूद थे। इस मौका पर स्थानीय नेताओं ने पीएचसी को बंद करने का भरपूर विरोध किया।



उन्होनें कहा कि बहुत बढिया डॉ सुबह नौ बजे से सांय 5 बजे तक मरीजों की सेवा इलाज कर रहा था। धारटी क्षेत्र के इस अस्पताल को बंद करना धारटी की जनता के साथ वर्तमान विधायक द्वारा किया गया धोखा है। इस मौका पर बोलते हुए डॉ. बिंदल ने कहा कि धारटी क्षेत्र के विकास का उन्होनें बीडा उठाया था, धारटी के गांवों को छोटी-बडी सडकों से जोडा, धारटी के घरों में गिरि का पानी पहुंचाया और 24 करोड़ रुपये से पुनः गिरि का पानी 8 इंच मोटी पाईप लाईन से दोबारा धारटी में पहुंचाया जा रहा है। धारटी के अनेक स्कूलों के बडे-बडे भवन बनाए व स्वीकृत कराए, पीएचसी बनेठी की भव्य बिल्डिंग बनाई, जमटा पीएचसी का 1 करोड़ रुपये का भवन बन रहा है। मण्डलाहं हैल्थ सब सैन्टर का भवन बनाया।
पीएचसी पंजाहल का भवन बनाया और बहुत ही मेहनत से इस पीएचसी को चलाया इसमें डाक्टर व अन्य स्टाफ बैठाया।
डॉ बिंदल ने कहा कि वर्तमान विधायक जी को चाहिए था कि हमने पीएचसी बनाई वे इसका 100 बैड का अस्पताल बनाते उन्होनें तो इसे बन्द ही करवा दिया। डॉ0 बिंदल ने कहा कि समझ नहीं आया कि उन्हें इस पीएचसी के खुलने से क्या दिक्कत थी, डाक्टर आ रहा था इलाज कर रहा था, उससे क्या दिक्कत थी, भवन बना हुआ था शानदार था क्या दिक्कत थी। डॉ. बिन्दल ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र के तेरह संस्थान बंद किए गए है नाहन की जनता द्वारा चुने हुए विधायक साहब ने उन्हें बन्द करवा दिया है यह मतदाताओं के साथ अन्याय है इस मौका पर विनय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार धोखा देकर बनी है कांग्रेस ने जनता को भरमाया कि उन्हें 1500 रुपये हर महिला को पहली कैबिनेट से मिलेगा। 1 लाख सरकारी रोजगार पहली कैबिनेट में व 1 लाख सरकारी रोजगार हर साल मिलेगा। किसान से 100 रुपये किलो दूध व 2 रुपये किलो गोबर कांग्रेस सरकार बनते ही लेना शुरू कर देंगे और अब अपने वायदों से मुकर गए है।

# प्रदेश में जर्दा, खैनी, पान-मसाला अब पूरी तरह प्रतिबंधित

**नाहन/एसपी जैरथ**
प्रदेश को नशा मुक्त और कैंसर मुक्त बनाने को लेकर सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के बाद जर्दा, खैनी, तंबाकू की पत्ती आदि बेचना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यही नहीं यदि कोई दुकानदार अथवा होलसेलर इसका स्टॉक करता है या बेचता हुआ पाया जाता है तो उस पर कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी हिमाचल प्रदेश फूड सेफ्टी आयुक्त तथा सचिव स्वास्थ्य की ओर से जारी एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि यह तंबाकू




युक्त सामान स्वास्थ्य के लिए अत्याधिक हानिकारक है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे कैंसर जैसी घातक जानलेवा बीमारियां पैदा होती हैं। जारी एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि तंबाकू से बनाए जाने वाले इन प्रोडक्ट में खतरनाक रसायन भी होते हैं जो कि शरीर के कई आर्गन को डैमेज करते हैं। राज्य सरकार की स्वास्थ्य सचिव एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त एम सुधा देवी ने नियम 2.3 के अधिनियम की धारा 30 तथा इसकी उप धारा दो के खंड (क) के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए पान, मसाला, गुटखा, जर्दा आदि के निर्माण बिक्री अथवा स्टोर करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। उधर, राज्य जनवादी महिला समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष कपूर, प्रख्यात शिक्षाविद समाज सुधारक एम फि ल्मकार संजीव अत्री आदि सहित कई बुद्धिजीवी वर्ग के द्वारा सरकार के इस फैसले का स्वागत भी किया गया है। यही नहीं इन जागरूक बुद्धिजीवी वर्ग के द्वारा स्कूलों और कॉलेजों के पास तंबाकू तथा उससे बने उत्पाद बेचने पर भी कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# युवाओं को कई बुराईयों से बचाती हैं खेलें: इंद्र दत्त लखनपाल



**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा है कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने तथा उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेलें बहुत जरूरी होती हैं। ये खेलें युवाओं को नशे और कई अन्य बुराईयों से भी बचाती हैं। शनिवार को गांव नैन के शहीद वरुण पटियाल मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित वॉलीबाल टूनामेंट के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि बच्चों और युवाओं को अपनी आम दिनचर्या में खेलों को अवश्य शामिल करना चाहिए।
नैन में वॉलीबाल टूनामेंट के विजेताओं को बांटे पुरस्कार, यूथ क्लब को दिए 11 हजार रुपये
वॉलीबाल टूनामेंट के आयोजन के लिए स्थानीय यूथ क्लब की सराहना करते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन नियमित रूप से किए जाने चाहिए।
इस अवसर पर उन्होंने यूथ क्लब को 11 हजार रुपये देने की घोषणा भी की। ऊना की टीम ने अवाहदेवी को हराकर जीती ट्राफी उन्होंने टूनामेंट की विजेता ऊना और उपविजेता टीम अवाहदेवी के खिलाडियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस महासचिव अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजीव पटियाल, कैप्टन कंचन पटियाल, कैप्टन स्वर्ण सिंह, बहादुर सिंह, कैप्टन राज कुमार, राजेश कुमार, बलवीर पटियाल, जगदीश ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# वायदे करके मुकर जाना कांग्रेस की पुरानी फितरत: अविनाश राय खन्ना

**शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा हिमाचल प्रदेश प्रभारी व पूर्व राज्यसभा सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि वायदे करके मुकर जाना कांग्रेस की पुरानी फितरत रही है। लुभावने वायदे करके हिमाचल की सत्ता में आई कांग्रेस की सरकार अब उन वायदों से पल्ला झाडने की राह तलाश रही है। कांग्रेस की इस प्रकार की वायदाखिलाफी की भुक्तभोगी पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ की जनता भी रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे चुनावी सभाओं में उंगलियों पर वायदे पूरा होने के दिन गिनाया करते थे पर अब ऐसा लगता है कि वे गिनती करना ही भूल गए



हैं। किसान की कर्ज माफी का तो वे बडा बखान करते थे व उनके कर्ज माफी के वायदे के झांसे में आकर तमाम किसान बर्बाद हो गए हैं। आज कांग्रेस की सरकारे जनता से किए वायदों को पूरा करने में फिसड्डी साबित हुई हैं। हिमाचल में भी जनता को रिलीफ देने की जगह कांग्रेस की सरकार ने ट्रबल देना शुरू कर दिया है। एक बयान में खन्ना ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने जनता को 10 गारन्टी दी थी जिनमें रोजगार देना व महिलाओं को 1500 रुपए की सहायता प्रतिमाह देना प्रमुख रूप से शामिल था। अब सरकार इन वायदों की बात भी नहीं कर रही है जिसके कारण युवाओं व महिलाओं का कांग्रेस सरकार से अभी से मोहभंग होने लगा है। असल में कांग्रेस का लोगों के हितो से कभी कोई सरोकार नहीं रहा है। इसके विपरीत भाजपा सरकार ने सही मायने में लोगों के हितो को सुरक्षित करते हुए उन्हें सुविधाएं दी थी। महिला पेंशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार 80 साल की महिलाओं को पेंशन देती थी। इसे पाने के लिए महिलाओं को 80 वर्ष की उम्र में तमाम पापड बेलने पडते थे। इसके विपरीत भाजपा की सरकार ने महिला पेंशन के लिए उम्र की सीमा को घटाकर न केवल 60 वर्ष किया बल्कि उसे पाने की औपचारिकताओं में भी कमी की। भाजपा सरकार ने लोगों को बीमारी से उपचार की सुविधा के लिए हिम केयर योजना चलाई थी जो राज्य के लोगों के लिए वरदान साबित हुई थी। भाजपा की तत्कालीन जयराम सरकार ने हिमाचल के शत प्रतिशत लोगों को गैस सिलेन्डर, आवास व हर घर में नल से जल देने का रिकार्ड भी बनाया था। यह भाजपा सरकार की शानदार कार्यप्रणाली और नीयत को बताता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनता को चुनावी वायदों से भ्रमित कर सरकार तो बना ली है पर अब उन्हें इन वायदों को पूरा करने में पसीना छूट रहा है।
इसीलिए चुनावी वायदों की बात होने पर वह इनसे पीछा छुडाने की कोशिश करती है। यह प्रदेश में सबसे कम अन्तर से बनने वाली सरकार है। उनका कहना था कि कांग्रेस केवल कुर्सी के लिए सरकार बनाती है इसीलिए हिमाचल में भी बहुमत मिलते ही मुख्यमंत्री के पद को लेकर कांग्रेसियों में जमकर खींचतान हुई थी।

## परलोग में 9 मार्च को होगा प्रशासन जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
एसडीएम करसोग ओम कांत ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत परलोग में प्रशासन जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन 9 मार्च, 2023 को पंचायत घर परलोग में किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से आह्वान किया है कि वे इस दिन पंचायत घर परलोग पहुंचकर, किसी भी विभाग से संबंधित अपनी शिकायत या समस्या को उनके समक्ष रख कर उसका समाधान करवा सकते है। उन्होंने उपमंडल करसोग स्थित विभिन्न विभागाध्यक्षों जैसे पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, बागवानी, कृषि, राजस्व विभाग सहित आगनबाड़ी से आग्रह किया है कि वे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों का जनहित के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम प्रशासन जनता के द्वार में पहुंचना सुनिश्चित करे।

# पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी सुक्खू सरकार:जयराम ठाकुर

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पांच वर्ष से पहले ही सत्ता में काबिज होगी। वे यहां कुल्लू के ढालपुर मैदान में जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देवभूमि से इस रैली का शुभारंभ किया और अब प्रदेश के हर जिला में इस तरह की रैली होगी। जय राम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार के दिमाग में संस्थान बंद करने का फतुर चढ़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने



के दूसरे दिन ही 600 से अधिक संस्थान बंद कर दिए और पिछले कल की बैठक में 20 कालेज और 200 स्कूल बंद कर दिए। अब तक बंद किए संस्थानों की संख्या 900 पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि सुक्खू अभी भी ढूंढ लो बंद करने को क्या रहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के सत्ता में आते ही हालात हो गए हैं उससे स्पष्ट है कि यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलने बाली है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है जो बदले की भावना से कार्य कर रही है। आज तक भी सरकारें बनी और बदलती रही लेकिन इस तरह की बदले की भावना से कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में तो आ गई लेकिन अब जनता ठगी-ठगी सी महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्थान बंद करने की जो परंपरा शुरू की है उसके खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा और इसकी शुरूआत कुल्लू से कर दी है। 13 मार्च को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा और विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा।

यह कैसी व्यवस्था परिवर्तन संघी-साथी को कैबिनेट स्तर

जयराम ठाकुर ने कहा कि यह कैसी व्यवस्था परिवर्तन है कि विकास के लिए धन का रोना रोया जा रहा है और अपने संघी-साथियों को कैविनेट स्तर दे दिए। उन्होंने कहा कि विधायक इंतजार कर रहे थे कि उन्हें चेयरमैनी मिलेगी लेकिन जिन्होंने चुनाव ही नहीं लड़े अंगे कैविनेट स्तर मिल गया है। उन पर पैसा खर्च कर बहाया जा रहा है। उन्होंने कहा मीडिया एडवाइजर, ओपीएस इतने बनाए कि हमने गिनती करना छोड़ दिए हैं।

# विधानसभा के बजट सत्र में साथ उठाया जाएगा आउटसोर्स कर्मचारियों का मुद्दा

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
विधानसभा के बजट सत्र में जल शक्ति विभाग में पार्ट टाइम आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा पुनः बहाल करने का मुद्दा प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा। यह शब्द शनिवार को द्रंग से भाजपा विधायक पूर्णचंद ठाकुर ने कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा के समय जो प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारी रखे गए थे उनको कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही बाहर का रास्ता दिखा दिया हैं जो कि प्रदेश के हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ धोखा हैं। इस मुद्दे को वह बजट सत्र के दौरान प्रमुखता के साथ उठाएंगे।इससे पूर्व विधायक पूर्णचंद की अगुवाई में आऊटसोर्स कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम मंडी के माध्यम से



**8 आऊटसोर्स कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम मंडी के माध्यम से मुख्यमंत्री सूक्खु को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया। जल शक्ति विभाग सुंदरनगर डिवीजन के आऊटसोर्स कर्मचारी हरीश कुमार ने बताया कि जिला मण्डी के समस्त डिविजनों में आऊटसोस कर्मचारी कार्यरत है। उन्हें शिमला क्लीन वेज कम्पनी के तहत 2019 में नियुक्त किया था। 31 दिसंबर 2022 को कर्मचारियों का अनुबन्ध समाप्त हो गया है जिसकी जानकारी उन्हें विभाग द्वारा 01 जनवरी 2023 को फोन के माध्यम से दी जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनाली की जनता के प्रति है मेरी जवाबदेही, क्षेत्र का विकास प्राथमिकता: भुवनेश्वर गौड़

**मनाली/राज अग्रवाल**
मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली की जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया है तो जनता के विकासात्मक कार्यों के प्रति उनकी जवाबदेही बनती है। क्षेत्र के विकास के जो भी कार्य होंगे उन्हें तुरंत प्रभाव से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के कार्यों के प्रति सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कोताही सहन नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मनाली आज एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है और देश के हर कोने के साथ-साथ विदेशों से भी लाखों पर्यटक यहां पहुंचते हैं। लेकिन उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की सुस्ती के चलते और गत सरकार की लापरवाही से कई ऐसे कार्य हैं जो नहीं हो पाए हैं अब तक मनाली को एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संवारा नही जा सका है। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री ने लाखों की परियोजनाओं को मनाली के लिए स्वीकृति दी है और उन योजनाओं पर कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। मनाली में जल्द ही 3000 गाडि?ों की पार्किंग बनकर तैयार होगी जो पर्यटक वाहनों के लिए ही होगी। इसके साथ ही ओल्ड मनाली बाईपास रोड का काम शुरू हो गया है। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मौसम खुलते ही जो भी सडकों के काम अधूरे पड़े हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शुरू कर दिया जाएगा। 18 मील से लेफ्ट बैंक को जोड? वाली सडक भी जल्द बनकर तैयार हो जायेगी।जिससे काफी हद तक पर्यटन सीजन में लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गुलाबा बैरियर को लेकर भी कुछ शिकायतें उन्हें मिली हैं। जिसका वह जल्द ही औचक निरीक्षण करेंगे । भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र में किसी भी विकास कार्य के प्रति कोई भी व्यक्ति उनके पास सुझाव लेकर आ सकता है। प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नियम पर चलते हुए विकास की नई रीत शुरू कर रही है। पतलीकुहल में हंस फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाने को लेकर भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि वह क्षेत्र में विकास के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर हंस फाउंडेशन सच में ही क्षेत्र के लोगों का भला चाहती है तो कहीं दूसरी जगह जमीन खरीद कर अस्पताल का निर्माण हो अन्यथा सरकार को पतलीकुहल की जमीन के मार्केट वैल्यू के हिसाब से भुगतान करे उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार की नीतियां जनकल्याण के प्रति सही नहीं थीं।अब अगर प्रदेश सरकार नए विजन के साथ जनता के बीच आई है तो भाजपा के लोग उसे पचा नहीं पा रहे हैं।

### सी एण्ड वी और जेबीटी अध्यापकों के बैच आधार पर भरे जाएंगे पद,18 मार्च को होगी काउंसलिंग

**चंबा/हामिद**
कार्यवाहक उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा चंबा प्यार सिंह चाडक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चंबा में सी एण्ड वी और जेबीटी अध्यापकों के 44 पदों को बैच आधार पर भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि बैच आधारित भरे जाने वाले पदों में से जिला में सी एण्ड वी वर्ग के अध्यापकों के पदों में दो पद शास्त्री के भरे जाएंगे जिसमें एक पद सामान्य श्रेणी डब्लूएफ एफ अभी तक के बैच तथा अनुसूचित जाति एक पद डब्लूएफ एफ अभी तक के बैच के लिए भरा जाएगा।
उन्होंने बताया कि भाषा अध्यापक के तीन पद बैच आधार पर भरें जाएगें जिसमें दो पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बैच 2005 तक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग बीपीएल के लिए एक पद के बैच 2006 तक बैच अनुसार योगिता निर्धारित की है।
उन्होंने बताया कि जिला चंबा में जेबीटी के 39 पदों को भी बैच आधार पर भरा जाएगा जिसमें सामान्य श्रेणी 16 पद के बैच 2011 तक, ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 4 पद बैच 2011 तक, ओबीसी वर्ग के 6 पद बैच 2011तक, ओबीसी बीपीएल एक पद के बैच 2013 तक, ओबीसी डब्ल्यूएफ एफ एक पद के बैच अब तक, एससी 8 पद के बैच 2011 तक, एसी बीपीएल 8 पद के बैच 2013 और एसटी के 2 पद के बैच 2011 तक शामिल है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों को भरने के लिए काउंसलिंग की तिथि 18 मार्च सुबह 10 बजे से निर्धारित की गई है योग्य अभ्यार्थी जो उपरोक्त पद बारे भर्ती एवं पदोन्नति नियम निर्धारित बैच अनुसार योग्यता पूर्ण करते हैं व उनका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो वह निर्धारित दिनांक व समय पर अपना समस्त मूल दस्तावेजों व एक सैट सत्यापित प्रतियों सहित काउंसलिंग के लिए बीआरसीसी चंबा के कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।

## अवैध खनन व डंपिंग पर सख्त कदम उठाए प्रशासन

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
नगर निगम मंडी के दायरे में स्थित गांव मट में हो रही अवैध डंपिंग की पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने कठोर शब्दों में निंदा की है उन्होने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मलवे को सडक से नीचे अवेध रूप से गिराया जा रहा है जिससे कि पेड़ पौधे तो क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं साथ में पशु पक्षियों के बसेरे भी छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मलबा व्यास नदी में जाकर गिर रहा है जिससे कि व्यास मे भी पानी का बहाव रुक रहा है। उन्होंने कहा की यहां पर बहुत से लोगों के घर भी है जिससे की बरसात में लोगों के घरों में मिट्टी तथा पत्थर के गिरने का भी डर है।

# किन्नौर की दो दिव्यांग बेटियों के लिए उनकी माताओं को किया संरक्षक नियुक्त

**8 उपायुक्त ने दिव्यांगजनों को चिन्हित करने के लिए चलाये जा रहे सर्वे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए**

**किन्नौर/अनिल**
उपायुक्त किन्नौर तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में गत दिवस राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत जिला स्थानीय स्तरीय समिति किन्नौर की पहली बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अधिनियम के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की मानसिक रूप से दिव्यांग 02 बेटियों की संरक्षता उनकी माताओं को देने के आदेश दिए। उन्होंने विभाग को राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत



पहली बैठक आयोजित करने पर बधाई दी और बताया कि इन बेटियों में एक 19 वर्षीय बेटी गांव कल्पा तथा दूसरी 27 वर्षीय बेटी पांगी से सम्बंधित है। बैठक में बताया गया कि कानूनी संरक्षक बनाने हेतु आवेदन पत्र तहसील कल्याण अधिकारियों के माध्यम से तथा विकलांग व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र किन्नौर के उपनिदेशक से उनके कार्यालय में दर्ज सभी दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षक बनाने हेतु सम्पर्क करने तथा जागरूक करने बार सूचित किया गया था जिसके बाद इस त्रैमास में 2 मामले प्राप्त हुए थे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत मानसिक रूप से दिव्यांगजनों जिनमें स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मन्दता, बहु-दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यांगजनों के लिए विधिक संरक्षण सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम का मुख्य उद्देश्य मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों, जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता है, उनको माता-पिता या उनकी मृत्यु उपरांत अन्य कानूनी संरक्षक द्वारा संरक्षण उपलब्ध करवाना है। इस अधिनियम के पूर्व अति विशेष परिस्थितियों के सिवाय निःशक्त ग्रस्त व्यक्तियों के 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात उनकी संरक्षता के लिए कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं था। राष्ट्रीय न्यास के तहत निःशक्त व्यक्तियों के 18 वर्ष प्राप्त करने के बाद संरक्षक नियुक्त किये जाने के लिए माता-पिता, रिश्तेदारों या पंजीकृत संगठनों को कानूनी संरक्षक बनाने का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त ने अधिनियम के तहत वर्णित दिव्यांगजनों को चिन्हित करने के लिए चलाये जा रहे सर्वे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य के लिए आंगनवाड़ी कार्यकताओं की सहायता लेने का भी सुझाव दिया। उपायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला के हर एक खंड में एक.एक दिन के लिए मेडिकल बोर्ड आयोजित करने के भी निर्देश दिए जिससे जिला के दिव्यांगजनों को मेडिकल परीक्षण पश्चात प्रमाण पत्र जारी होने की सुविधा प्राप्त हो सके।

# उपायुक्त कुल्लू ने की जिला स्तरीय एफसीए समिति की बैठक की अध्यक्षता

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने यहां जिला स्तरीय एफ सीए समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफसीए से सम्बंधित ओपचारिताओं को पूर्ण करने के लिए वन विभाग के अधिकारीओं के साथ आपसी तालमेल से कार्य करे। ताकि एफसीए के मामलों में शीघ्र स्वीकृति मिल सके। उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने कहा कि जिले से एफसीए से समन्धित बहुत से मामले बिभिन्न स्तरों पर लम्बित है। जिससे कारण विकास कार्य



व विकास योजनाओं को आरम्भ करने में देरी हो रही है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से भी आग्रह किया कि वे आवश्यक वन स्वीकृतियां दिलवाले में तेजी लाये। ताकि इन योजनाओं से लोग लाभन्वित हो सके। बैठक में एफसीए से समन्धित 71 मामलों की समीक्षा की गई।जिसमें लोक निर्माण विभाग के 35, जल शक्ति विभाग के 5 एशिक्षा विभाग के 5, पर्यटन विभाग के 3 मामलों के अलावा 8 अन्य मामलों की समीक्षा की गई।

## नेहरू युवा केंद्र में तैनात किये जाने हैं युवा स्वयंसेवक, 9 मार्च तक करें आवेदन

**किन्नौर/अनिल**
नेहरू युवा केंद्र किन्नौर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र किन्नौर द्वारा वर्ष 2023-2025 सत्र के लिए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। यह जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 09 मार्च, 2023 तक विभाग की वेबसाइट पर जाकर अथवा नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में आकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार युवाओं को स्वयंसेवकों के रूप में संगठित कर राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ करने के प्रति वचनबद्ध है।

# आखिरकार निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सत्ता में आने के बाद क्यों खड़ा होना पड़ता है अंतिम पंक्ति में



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
आखिरकार निष्ठावान कार्यकर्ता सत्ता में आने के बाद भी आखिर की पंक्ति में क्यों खड़े दिखते है। यह झलक बरमाणा में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक राजीव राठौर के साथ कार्यकताओं के साथ हुई एक बैठक में दिखी। बैठक में प्रदेश संयोजक राजीव राठौर का जसवंत ठाकुर, संतोष कुमार, कपिल शर्मा, तारा, तुंगला, जीवन ठाकुर, अमर सिंह व जोगिन्दर सिंह ठाकुर ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश भर में कांग्रेस के लिए अलख जगाने वाला राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिसने पिछले पांच वर्षो में अनेक ब्लॉक जिले में अनेकों सम्मेलन व बैठके सेमिनार आयोजित कर चुका है। प्रदेश में पिछले वर्ष कड़ी सर्दी और बफारी में 25 दिसंबर से आठ जनवरी तक शिमला रिज से धर्मशाला बाया मंडी तीन सौ किलोमीटर की पदयात्रा भी की है। जो हर रोज 25 किलोमीटर के लगभग तय करते थे जब सत्ता मिलती है और कांग्रेस मुख्य संगठन के मुखिया इस संगठन के पदाधिकारियों को जो मान-सम्मान देना भूल जाता है या गुरेज करता रहा है। बिना किसी आर्थिक मदद से अपने पॉकेट खर्चे से सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश भर के हर जिले में अपने सम्मेलन करवाने व मान सम्मान पाने का प्रयास किया । जहां राष्ट्र के अनेक हिस्सों में संगठन की भागीदारी की संगोष्ठी में भाग लिया वहीं आज सरकार बनने के बाद अपने लिए संगठन और सरकार में जगह ढूंढने में लगे है। आखिरकार कब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह का ध्यान इस संगठन पर पड़ेगा। मंडी, हमीरपुर, पार्लियामेंट के साथ शिमला सोलन सिरमौर चंबा कांगड़ा में बतौर प्रभारी अपनी सेवा दे चुके राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सह संयोजक डॉ हीरा पाल सिंह ठाकुर ने कहा कि आगामी 2024 लोक सभा चुनावों के लिए इस अहम संगठन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष की ओर अग्रसर रहना पड़ेगा।

# समय पर नहीं हो रही है लोडिंग व अनलोडिंग:ध्यान सिंह ठाकुर

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
भले ही जहां बरमाणा में सीमेंट फैक्ट्री पटरी पर आ गई हो लेकिन अब फिर वहीं कुछ ट्रांसपोर्टर लोडिंग और अनलोडिंग को लेकर तलखने लगे है। रविवार को बीडीटीएस के पूर्व प्रधान जीत राम गौतम, ध्यान सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, कश्मीर सिंह चंदेल, बालकराम कपिल, रामकुमार शर्मा, सुभाष कपल्स, रतन लाल ठाकुर ने एक प्रेस वार्ता कर वर्तमान कार्यकारिणी से अडानी समूह से लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए फैसला लेने की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ हुआ है। पूर्व में रहे कंट्रोलर ध्यान सिंह ठाकुर ने कहा कि आपरेटरों के




साथ हुए तय किए गए वादों के साथ कार्य नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में सीमेंट लोडिंग के लिए गाडि?ों को 14 घंटे तक का इंतजार करना पड़ा रहा है। इसके अलावा आनंदपुर कानपुर खुई और उखली में पांच-पांच दिन बाद भी गाडि?ां अनलोड नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि बीडीटीएस मैनेजमेंट कुंभकरण की नींद की तरह सोई हुई है। उन्होंने बताया कि जो बीडीटीएस का अढाणी के साथ एग्रीमेंट हुआ, उसकी अभी तक किसी को भी जानकारी नहीं दी गई है। बैक लोड का रॉ मटेरियल का रेट 489 रुपए किया गया जबकि पहले 545 रूपए मीट्रिक पर टन था। बीडीटीएस मैनेजमेंट की अढाणी मैनेजमेंट के साथ क्या सांठगांठ हुई जिसके कारण वापसी का रेट कम किया। जबकि दाड़लाघाट अंबुजा के जो वापसी के पुराने रेट थे, वो ही रेट उनको वापसी के दिए पर दिए जा रहे है। उन्होंने छः चक्की टायर वाली गाडी का रेट जो डायरेक्ट पार्टी को सीमेंट जाता है उसका रेट 10.30 रुपए होना चाहिए था और डंप तक की सप्लाई का रेट भी बराबर होना चाहिए था। क्योंकि दाडलाघाट में भी डायरेक्ट पार्टी और डम्प का ढुलाई रेट एक समान है। उन्होंने सवाल किया कि एक ही सीमेंट ग्रुप के माल ढुलाई में अलग अलग जगह रेट में भिन्नता क्यों है। कहा कि समय पर लोडिंग और अनलोडिंग न होने से ट्रांसपोर्टरों का भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।
और ऐसे में सरवाइव होना बहुत मुश्किल है।
उन्होंने बीडीटीएस प्रबंधन से पूछा कि सीमेंट ढुलाई रेट कम करने से क्या फायदा हुआ है, जबकि गाडि?ां समय पर खाली नहीं हो रही है। कौसोली में शिवालिक डीलर के पास गाड़ी पहली मार्च से खड़ी है, जो आज तक खाली नहीं हुई है।

# हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
बसंत के आगमन के साथ ही फाल्गुन माह में मनाया जाने वाला रंगों का उत्सव होली प्रकृति के साथ-साथ हमारे जीवन में भी एक नई उमंग, उत्साह और तरंग लेकर आता है। चारों ओर अबीर-गुलाल के रंगों और मस्ती से सराबोर करने वाले इस उत्सव का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है और इस रंग.बिरंगी होली की यह परंपरा दशकों या सदियों से नहींए बल्कि युगों-युगों से चली आ रही है। हमारे खूबसूरत प्रदेश हिमाचल में भी होली मनाने की बहुत ही प्राचीन परंपरा रही है और इस परंपरा एवं हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सबसे बड़ा प्रतीक है हमीरपुर

**8 सुजानपुर का चैगान मैदान आज भी इस कस्बे की शान है और इसी चैगान में ही प्रतिवर्ष होली उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है**

जिले की ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव।
हिमाचल प्रदेश में होली के उत्सव की चर्चा हो और उसमें सुजानपुर का जिक्र न आए, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता। कभी कटोच वंश के महाराजा संसार चंद की राजधानी रहे सुजानपुर कस्बे में आज भी होली की प्राचीन परंपराओं की एक गहरी एवं अमिट छाप देखने को मिलती है। हर वर्ष




फाल्गुन में यहां के प्राचीन मंदिरों एवं धरोहरों, विशाल चैगान, गलियों और चैराहों में होली के अदभुत रंगों के दीदार होते हैं। सुजानपुर टीहरा निरूसंदेह जिला हमीरपुर का सबसे सुंदर एवं आकर्षक स्थल है। हालांकि, इस नगर की स्थापना का कार्य लगभग 1761 ईस्वी में कटोच वंश के राजा घमंड चंद ने शुरू किया था। मगर इसको पूर्ण करने और इसे उस समय की बहुत वैभवशाली नगरी बनाने का श्रेय राजा घमंड चंद के पोते महाराजा संसार चंद को ही जाता है। वर्ष 1775 ईस्वी से 1823 ईस्वी तक के अपने शासनकाल के दौरान महाराजा संसार चंद ने सुजानपुर टीहरा में अनेक भव्य भवनों एवं मंदिरों का निर्माण करवाया। वह बहुत ही कलाप्रेमी और प्रतापी राजा थे।
कांगड़ा चित्रकला शैली भी उनके शासनकाल में काफी फली-फूली। सुजानपुर के सुंदर मंदिरों विशेषकर नर्वदेश्वर मंदिर की दीवारों पर कांगड़ा कलम के बहुत ही मनोहारी चित्र इसके साक्षी हैं। सुजानपुर का चैगान मैदान आज भी इस कस्बे की शान है और इसी चैगान में ही प्रतिवर्ष होली उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मैदान के एक कोने पर महाराजा संसार चंद ने वर्ष 1785 में शिखर शैली में मुरली मनोहर मंदिर का निर्माण करवाया था। कहा जाता है कि इसी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महाराजा संसार चंद अपनी प्रजा के साथ होली मनाते थे। उन्होंने होली के रंगीन पर्व को विश्व प्रसिद्ध ब्रज की होली की भांति लोकोत्सव का स्वरूप प्रदान किया थाए जिसकी परंपरा आज भी कायम है और होली के उपलक्ष्य पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। पहले यह मेला तीन दिन का होता था, लेकिन राष्ट्र स्तरीय महोत्सव का दर्जा मिलने के बाद अब यह मेला चार दिन तक आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी यह उत्सव 5 से 8 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। इस उत्सव में होली की समृद्ध परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्याओं, प्रदर्शनियों, भव्य झांकियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और कई अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है।
ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर की फिजाओं में होली के खूबसूरत रंग बिखरने शुरू हो गए हैं और इस बार भी यह उत्सव सुजानपुर में एक नई उमंग और तरंग लेकर आ रहा है।

# विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण: पठानिया

**चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विशेष अधिमान दे रही है। विधानसभा अध्यक्ष भटियात विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी में पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायतों को कई प्रकार की शक्तियां प्रदान की गई हैं। इनमें पंचायतों के पास जहाँ कानून व्यवस्था बनाने की अहम



जिम्मेवारी रहती है वहीं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन भी किया जाता है और लोगों तक सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों का लाभ पहुंचता है। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास विभाग की आवास योजनाओं से छूटे पात्र लोगों को आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए खंड स्तर पर ग्रामीण विकास विभाग और राजस्व विभाग को संयुक्त तौर पर विशेष सर्वेक्षण शुरू करने के निर्देश जारी किए ताकि सभी पात्र लोगों को सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके उन्होंने यह निर्देश भी जारी किए कि आवास योजनाओं से छूटे पात्र लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना और स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत लाभान्वित किया जाए।
विधानसभा अध्यक्ष ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत किए जा रहे कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सिंहुँता क्षेत्र में कूड़ा.कचरा निष्पादन संयंत्र स्थापित करने को कहा। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत बिना इंटरनेट कनेक्टिविटी वाली ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन हाजरी से संबंधित मामले के समाधान की बात भी कही। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आवास प्लस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उनके द्वारा रखे गए उत्पादों की सराहना की। बैठक में कार्यवाही का संचालन खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री ने किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और खंड विकास अधिकारी ने विधानसभा अध्यक्ष को शॉल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया ।

# इंद्र दत्त लखनपाल ने सुनीं बड़सर के व्यापारियों की समस्याएं

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने शनिवार को यहां विश्राम गृह में स्थानीय बाजार कमेटी एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके बाजार से संबंधित विभिन्न समस्याओं और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान स्थानीय बाजार में पार्किंग की समस्या, स्ट्रीट लाइट्स, नालियों का निर्माण एवं सफाई, बस स्टॉप और अन्य मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि बड़सर बाजार में पार्किंग स्थल विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। बाजार में पार्किंग की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी का सहयोग एवं सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में नालियों के निर्माण और इनकी



नियमित रूप से सफाई के लिए भी एक प्रभावी व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।
स्ट्रीट लाइट्स के संबंध में विधायक ने कहा कि बाजार में उपयुक्त स्थानों पर सोलर लाइट्स लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि बड़सर बाजार में व्यापारियों और आम लोगों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसमें बजट की कोई कमी नहीं रखी जाएगी तथा स्थानीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का भरपूर सहयोग लिया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, एसडीएम शशि पाल शर्मा, आरटीओ अंकुश शर्मा, स्थानीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यवसायियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## न्यूज फ्लैश

### एसीसी सीमेंट फैक्टरी के एक बड़े अधिकारी पर फेंकी स्याही, मामला दर्ज

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
बरमाणा पुलिस थाना के तहत एसीसी प्लांट में कार्यरत एक बड़े अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में एक महिला व एक पुरुष शामिल है उन्होंने घागस के समीप अधिकारी के वाहन को रोका और अधिकारी पर स्याही फेंक दी। जानकारी के अनुसार एसीसी फैक्ट्री के एक बड़े अधिकारी शुक्रवार को दिल्ली जा रहे थे तो जैसे ही वे घागस के नजदीक पहुंचे तो एक महिला व एक पुरूष ने गाड़ी रोकी। इस दौरान उन्होंने गाड़ी में सवार एक अन्य व्यक्ति से आग्रह किया कि उन्हें बड़े साहब से मुलाकात करनी है और आग्रह पत्र प्रेषित करना है। बताया जा रहा है कि जैसे ही वाहन में पिछली सीट पर सवार अधिकारी ने उनके साथ बातचीत करने के लिए गाड़ी का शीशा खोला तो अचानक उन लोगों ने अधिकारी पर स्याही फेंक दी। वहीं, यह लोग गुस्से में भी दिखे। बहरहाल, सूचना मिलने के बाद बरमाणा थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले ही गहनता से जांच की जा रही है। उधरए बिलासपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जस्वाल ने बताया कि सीमेंट फैक्टरी के एक बड़े अधिकारी पर स्याही फेंकने व दुर्व्यवहार किए जाने को लेकर बरमाणा थाना में मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण को लेकर एसीसी कर्मचारी संघ के प्रधान चैन सिंह ठाकुर ने घोर निंदा की और कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

### हिमाचल प्रदेश सद्भावना विरासत मामले समाधान योजना से 50 हजार लंबित मामलों के निपटारे के लिए महत्वाकांक्षी पहल

**शिमला/चमन शर्मा**
लघु और सीमांत व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए न्यायालय में विचाराधीन या कर निर्धारण के तहत पूर्व जीएसटी काल के लगभग 50,000 मामलों को निपटाने के लिए, राज्य सरकार ने एक नई योजना हिमाचल प्रदेश सद्भावना विरासत मामले समाधान योजना, 2023 लागू करने की घोषणा की है। इस योजना से व्यापारियों और राज्य कर एवं आबकारी विभाग दोनों को लाभ होने की उम्मीद है, क्योंकि इससे सभी लंबित पुराने मामलों को निपटाने में मदद मिलेगी और विचाराधीन मामलों की बकाया वसूली में मदद प्राप्त होगी। इस योजना के कार्यान्वयन से हितधारकों के साथ-साथ विभाग को जीएसटी अनुपालन में ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना आरंभ में 3 महीने की अवधि के लिए वैध होगी और पूर्व-जीएसटी करदाताओं के लिए कर देनदारी और विवादों को हल करने में मददगार साबित होगी। योजना के तहत करदाता बकाया कर राशि का भुगतान करने में सक्षम होंगे और कानून के तहत किसी भी अन्य परिणाम से मुक्त होंगे, जबकि ब्याज और जुमार्ने की पूरी छूट प्राप्त होगी। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत न्यायालय में विचाराधीन लंबित पुराने मामलों और बकाया के निपटान में मदद मिलेगी। इससे उन मामलों का भी समाधान करने में सहायता मिलेगी जिनका मूल्यांकन किया जाना बाकी है। डीलर को लागू निपटान शुल्क के साथ देय कर का भुगतान करना आवश्यक है, लेकिन यह कर घटक की किसी भी छूट की पेशकश नहीं करता है।
आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी यूनुस ने बताया कि हितधारक संबंधित विभाग के सर्कल कार्यालय में जाकर योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। डीलरों को सम्मिलित अधिनियमन के प्रासंगिक शीर्ष में लागू निपटान शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि लगभग 50,000 लंबित मामलों का निपटारा करके लगभग 20-25 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग ने इससे पहले भी वर्ष 2019 में एक लेगेसी योजना शुरू की थी, जिसके माध्यम से 14,814 मामलों का निस्तारण कर 393 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया था। दूसरी योजना के तहत कुल 20,642 मामलों का निपटारा किया गया और 19.16 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

# चार अप्रैल को होगा नलवाड़ एवं देव मेले का आगाज

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
ऐतिहासिक नलवाड़ एवं देव मेलों के आयोजन को लेकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सिद्धपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने की। इस मौके पर मेला अधिकारी व एसडीएम धर्मपुर करतार धीमान ने गत वर्ष हुए आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि माननीय उच्च न्यायालय से कॉलेज ग्राउंड की परमिशन न मिलने से आयोजन में काफी दिक्कतें आई थीं।
विधायक चंद्रशेखर ने बताया कि कॉलेज ग्राउंड की परमिशन हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। इस देव मेले की अधिष्ठात्री शीतला माता की अगुआई में निकलने वाली जलेब में स्थानीय जनता के ईष्टदेव बाबा कमलाहिया की पालकी को ससम्मान आमंत्रित किया जा रहा है ताकि वह शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहें।उन्होंने बताया कि बैडमिंटन, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स के अलावा डॉग शो, महिलाओं की कीर्तन प्रतियोगिता को भी इस मेले में तरजीह दी जाएगी।उन्होंने चार से लेकर नौ अप्रैल तक धर्मपुर बाजार में लाइट्स की व्यवस्था करने की बात कही ताकि रात्रि में सजावट का अद्भुत नजारा पेश हो सके।
विधायक ने मेलों में सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की भी बात कही।

# राज्यपाल ने युवा संसद महोत्सव की विजेता को सम्मानित किया

**शिमला/चमन शर्मा**
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस राजभवन में आस्था शर्मा को सम्मानित किया।
आस्था शर्मा ने केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त कर हिमाचल को गौरवान्वित किया है। वह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज, संजौली, शिमला में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं।
राज्यपाल ने आस्था शर्मा को हिमाचली टोपी, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और इस उपलब्धि के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी।
आस्था शर्मा शिमला जिला के



कोटगढ़ के लोशटा गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता मनमोहन शर्मा एक सेब बागवान हैं तथा माता रेखा शर्मा गृहिणी हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान अर्जित करने से ही व्यक्ति का सम्मान और प्रतिष्ठा होती है। महान लेखकए कवि और कलाकार आदि अपनी प्रतिभा से ही जाने जाते हैं। उन्होंने आस्था शर्मा को कड़ी मेहनत करने और जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।
राज्यपाल ने कहा कि वह न केवल प्रदेश, बल्कि देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर लोकायुक्तए न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बरोवालिया भी उपस्थित थे।

# पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किये गए कार्य युद्ध स्तर पर चलें हैं :गोबिंद ठाकुर

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
मनाली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किये गए विभिन्न योजनाओं के निमार्णाधीन कार्य युद्ध स्तर पर चलें हैं।यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने रायसन में व्यास नदी पर 9 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन 80 मीटर डबललेन पुल के कार्य का जायजा लेने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि कुल्लू दौरे के दौरान वह रायसन में रुके और निमार्णाधीन पुल के कार्य को देखा।उन्होंने कहा कि पुल के



कार्य को देखकर प्रसन्नता हुई। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2015-16 में उन्होंने अपनी विधायक प्राथमिकता में इस पुल डाला था। 2020 में इस पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण कार्य को देखकर अति प्रसन्नता हुई। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने जनता से वादा किया था कि लेफ्ट बैंक और राइट बैंक के बीच जगह-जगह पर कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगे। उसी दृष्टि से जनता से किया हुआ वादा पूरा किया। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यह पुल वामतट कुल्लू-मनाली को नेशनल हाईवे तीन से जोड़ेगा। इससे वामतट की लगभग 12 पंचायतों के हजारों लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# जीएसटी प्रणाली में कर धोखाधड़ी रोकने के लिए मानक संचालन प्रकिया

**शिमला/चमन शर्मा**
राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त यूनुस ने गत दिवस बताया कि विभाग ने जीएसटी प्रणाली में धोखाधड़ी करने वालों को पंजीकरण चरण में ही रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की है।
उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पंजीकरण आवेदनों में नियमित रूप से फर्जी विवरण घोषित करने वाले व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। टैक्स अधिकारियों द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा।

# गांधी, नेहरू व पटेल की विचारधारा को जिला के प्रत्येक महाविद्यालय में किया जाएगा मजबूत: यासीन बट्ट



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की जिला स्तरीय बैठक का बिलासपुर के इंदिरा भवन मे आयोजन किया गया। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव यासीन बट्ट ने कहा की अति दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिला के ज्यादातर महाविद्यालय में प्रधानाचार्य व अध्यापकों की कमी है, बीते पांच सालों में पूरे जिला मे शिक्षा का भगवाकरण ही किया गया।शिक्षा के ढांचे में विशेष विचारधारा को बढ़ावा दिया गया। वही जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज ने कहा की पूरे जिला के युवाओं को गांधी नेहरू व पटेल की विचारधारा के साथ जोड़ा जाएगा। इस दौरान बट्ट ने कहा की जिला के युवाओं को गांधी नेहरू एवं पटेल की विचारधारा से जोड? के लिए हर तत्पर कोशिश की जाएगी। इस दौरान यासीन बट के साथ जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज, उपाध्यक्ष रितिक सोनी, ऋ तिक सोनी, भारती, रितिका, बिलासपुर महाविद्यालय के अध्यक्ष तौहीद, घुमारवी महाविद्यालय के अध्यक्ष रोहित, आदित्य धीमान, अंशुल, अभिमन्यु, आन्नया सहित सभी जिला के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होली उत्सव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः शालिनी अग्निहोत्री

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
होली पर्व को लेकर मंडी शहर में किस तरह से ट्रैफि क की व्यवस्था रहे इसको लेकर मंडी पुलिस ने खाका तैयार कर दिया है। एसपी शालिनि अग्निहोत्री ने बताया कि मंडी जिला में होली का पर्व इस मर्तबा 6 मार्च को मनाया जा रहा है जिसको लेकर मंडी पुलिस ने अपना ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि सेरी मंच पर होने वाले होली कार्यक्रम को लेकर शहर में एक तरफा ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि लोग ट्रैफिक व्यवस्था का पालन करें और शांतिपूर्वक



ढंग से होली पर्व को मनाए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवानों की तैनाती भी शहर में की जाएगी ताकि कोई हुड़दंग करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार रंगों का त्योहार है तथा इस त्यौहार का सभी आनंद उठाना चाहते हैं। रंगों के इस त्यौहार में किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना ना हो और ना ही इस खुशी के पर्व पर कोई खलल पड़े इसके लिए आम जनता भी पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सेरी मंच पर बड़े पैमाने पर लोग इक्ठा होते हैं और सामूहिक रंगो के इस त्योहार को मनाते हैं तथा सामाजिक तौर पर सभी की जिम्मेदारी है कि वह इस त्यौहार को खुशी से मनाएं और सुरक्षा तथा यातायात संबंधी नियमों का पालन करें। देशभर में जहां 8 मार्च को होली होगी। वहीं मंडी में इस मर्तबा 2 दिन पहले 6 मार्च को होली का आयोजन हो रहा है। इसको लेकर उपायुक्त मंडी अरिदम चौधरी ने 6 मार्च को होली को लेकर स्थानीय अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी हैं।होली पर्व को लेकर मंडी शहर के बाजार रंगों से गुलजार हो गए है।
हिमाचल में होली हर जगह अलग तरीके से मनाई जाती है लेकिन मंडी की होली बिल्कुल अलग है। यहां पर सभी लोग सेरी मंच पर एकत्रित होकर एक साथ होली मनाते हैं। डीजे की धुनों पर थिरकते हुए होली का आनंद हर युवा बड़े व बच्चे लेते हैं।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस संख्या 61235257

भारत के राष्ट्रपति के ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप – 135002 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61235257 | फाल प्लेट | 528 नग | 31 मार्च 2023 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
697/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: पठानिया

**चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सतत विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र भटियात के डुंढियारा बंगला विश्राम गृह में जनसमस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में 3 मार्च को आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में पुरानी पैंशन योजना को अमलीजामा पहनाने का निर्णय लिया

**8 कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया**

गया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से लगभग 1.36 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।इसके अतिरिक्त भविष्य में जो नए कर्मचारी सरकारी सेवा में नियुक्त होंगेए वे पुरानी पैंशन व्यवस्था में शामिल होंगे। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का विशेष आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने जन समस्याओं को सुनने के उपरांत कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र का सवार्गीण विकास उनकी प्राथमिकता है और भटियात विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य,



शिक्षा, सडक और सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग और मांगों को ध्यान में रखकर क्षेत्र का योजनात्मक विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार जन सेवा और जन कल्याण के मूलमंत्र को समक्ष रखकर कार्य कर रही है। गरीब व उपेक्षित वर्गों का उत्थानए महिला सशक्तिकरण, जन भागीदारी से सुशासन, जन समस्याओं का त्वरित निवारण, पारदर्शी प्रशासन तथा सभी वर्गों व क्षेत्रों का समान एवं संतुलित विकास प्राथमिकता है। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए।
इस दौरान विभिन्न पंचायतों के आए प्रतिनिधिमंडलों ने भी अपनी समस्याओं को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखा। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सभी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त भी किया। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए हुए 1 माह के भीतर लाहड से कुरला संपर्क सडक पर बस सुविधा शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

Govt. of Himachal Pradesh
Jal Shakti Vibhag

NOTICE INVITING -E-TENDERS

Telephone No. 01972-268008 E-mail: eeiph_bsr@rediffmail.com Website: http://hptenders.gov.in

Online bids on item rates are invited by the Executive Engineer, Jal Shakti Vibhag, Division Barsar on behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned work from the contractor/firms enlisted with Himachal Pradesh JSV Department, in appropriate class and latest renewal thereof.
Name of Work:-Improvement of LWSS Phal Kotla in Tehsil Nadaun Distt. Hamirpur (H.P) (Sh:- Construction of infiltration gallery 20 meter long, 2 No. OHSR 80000 liters capacity with 10 mtrs staging height each)
Estimated Cost: - 4265975/-
Earnest Money: - 71765/-
Cost of Form: - 500/-
Time 3 Months

Schedule of tendering:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Site Visit | From 03.03.2023 to 13.03.2023 during working hours from 11:00 A.M to 5:00 P.M. except holidays. |
| 2. | Bid submission start date | From 03.03.2023 at 4:00 P.M. |
| 3. | Bid submission end date | From 14.03.2023 at up to 11:00 A.M. |
| 4. | No Physical submission of documents, except original bid security /bid cost deposited through off line mode, will be allowed | Up to 11:00 A.M. On dated 14.03.2023 |
| 5. | Opening of eligibility criteria of the bid | At 11:30 A.M. on dated 14.03.2023 in the office of Executive Engineer, JSV Division Barsar (H.P.) |
| 6. | Opening of Financial bid | Date and place to be notified separately. |

Note: - The tender Terms and conditions and other detailed conditions can be available and downloaded from the website https://hpiph-tenders.gov.in

RO No. 6242/2022-2023

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की बीईओ ने एसोसिएशन से की अपील

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन (हुसा) का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हुसा गन्नौर के सभी स्कूल शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने शिरकत की। खंड शिक्षा अधिकारी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों से गन्नौर ब्लॉक में शिक्षा के स्तर को उठाने पर विचार किया गया। एकमत हुए निजी व सरकारी स्कूल मिलजुल कर कार्य करेंगे। हुसा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अतिथि का बुक्के,माला व शाल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर एसोिएशन के प्रधान सुशील त्यागी, अजय यादव,अजय भुक्कर, राजकुमार शर्मा, सुनील त्यागी, संदीप कादयान, दीपक भारद्वाज, रविंदर धनखड़, समय सिंह आदि मौजूद थे।

### अज्ञात कारणों से ईट भट्ठा मजदूर की मौत

**मथुरा। थाना** क्षेत्र के अंतर्गत ईट भट्ठा पर मजदूरी करने वाले व्यक्ति की अज्ञात कारणों से मौत हो गई,जो कि अपनी झुग्गी में पड़ा हुआ था। पता चलने पर आनन फानन में लोग मजदूर को सीएचसी नौहझील लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने शराब पीकर मौत होने की आशंका बताई है, वहीं पुलिस हार्ट अटैक से मौत होना बता रही हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महाशिवरात्रि पर पेश किया महामृत्युंजय मंत्र, जिसे सोनू निगम जी ने आवाज दी

**गुरुग्राम।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन - जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया। इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक 'मोक्ष' मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीघार्यु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है। महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, "बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की २ भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।" लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राजन नवानी ने कहा, ह्लहम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे। इसके अतिरिक्त, यह साझेदारी जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के विकास को गति देगी क्योंकि हम इस क्षेत्र में निवेश करना जारी रखेंगे। दर्शक साल भर में हमसे कुछ शानदार लॉन्च की उम्मीद कर सकते हैं।

### लीलाधर पासू की वेयरहाउसिंग कंपनी-एलपी लॉजिसाइंस, दिल्ली एनसीआर में ग्रेड ए वेयरहाउस शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** 100 वर्षों की विरासत वाले लीलाधर पासू ब्रांड की वेयरहाउसिंग व कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स कंपनी- एलपी लॉजिसाइंस, ने हाल ही में नोएडा और गाज़ियाबाद के मध्य स्थित दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपने नए, ग्रेड ए कम्प्लायंट, मल्टी-यूजर वेयरहाउस के लॉन्च की घोषणा की है। यह वेयरहाउस तकरीबन 7500 पैलेट पोजिशन (1.3 लाख वर्ग फुट) में फैला हुआ है, जो मौजूदा वर्ष के लिए कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास योजना का एक रूप है। एलपी लॉजिसाइंस की स्थापना दिग्गज लीलाधर पासू ग्रुप के वेयरहाउसिंग और ट्रांसपोर्टेशन बिजनेस की कंपनी के रूप में एक दशक पहले की गई थी। आज यह न सिर्फ 3 मिलियन वर्ग फुट से अधिक स्टोरेज स्पेस को बखूबी संभालता है, बल्कि पूरे भारत में 7000 से अधिक डिस्ट्रीब्यूशन पिन कोड्स की पहुँच को भी बनाए रखता है। एलपी लॉजिसाइंस अपनी स्थापना के बाद से ही प्रभावशाली विकास दर्ज करने में सक्षम रहा है, जो कि सालाना 20% - 25% की दर से बढ़ रहा है। अब, यह अपने अगले चरण पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी योजना पर्यावरण प्रमाणन के लिए योग्यता हेतु अभिनव तकनीक अपनाने और हरित संचालन के साथ अत्याधुनिक वेयरहाउसेस स्थापित करने की है, जो ब्रांड को विश्व स्तर पर पहुँच बढ़ाने में मदद करेगी। वरुण गडा, डायरेक्टर, एलपी लॉजिसाइंस, ने इस नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, "इस वर्ष, हम विभिन्न नए लॉन्च और भौगोलिक विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दिल्ली एनसीआर वेयरहाउस इनमें से पहला है।"

# वृंदावन में रूला रहा भाड़ा, झगड़ रहे लोग

## परदेसी भी ठगा सा महसूस करते हैं लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह जी का जंजाल बन गया

**मथुरा/लोकेश चौधरी**

**वृंदावन में** ऑटो, टैंपो व ई रिक्शा का किराया लोगों को रूला रहा है। वाहन चालकों से लोग झगड़ रहे हैं। परदेसी भी ठगा सा महसूस करते हैं लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह जी का जंजाल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्धारित किराए से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। भीडभाड वाले अवसरों पर निर्धारित से कई गुना अधिक किराया वसूला जाता है। बाहर से आने वाले यात्री तो किसी तरह सहन कर लेते हैं लेकिन स्थानीय नागरिक आए दिन के शोषण से आजिज आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस वालों



की मिली भगत से यह सब खेल चल रहा है। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले चालकों के खिलाफ दो महिलाओं ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित महिलाओं का कहना है, कि धार्मिक नगरी वृंदावन में देश विदेश से पर्यटक आता है, लेकिन जब उनके साथ दुर्व्यवहार होता है। प्रताड़ित महिला राधामाधव दासी ने बताया कि वह राधाकुंड दर्शनों के लिए गई हुई थी। वहां ई रिक्शा चालको द्वारा परिक्रमा तक पहुंचाने के लिए 700 रुपये मांगे गए। जबकि निर्धारित किराया 100 रुपये से भी कम बनता है, लेकिन मजबूरन उन्हें 700 रुपये ही देने पड़े। ऐसा ही कुछ वृंदावन लौटने पर हुआ। पीड़िता ने बताया की अटल्ला चुंगी से बस स्टैंड का किराया मात्र 10 से 20 रुपया बनता है, लेकिन वहां उससे सिर्फ अधिक पैसा ही नहीं वसूला गया बल्कि उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। पीड़िता ने जिला प्रशासन से मांग की कि ई रिक्शा चालकों का किराया निर्धारित किया जाए से अधिक है।

महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। वही स्थानीय महिला राधा दासी ने बताया कि ई रिक्शा चालकों के मनमाने रवैए से श्रद्धालु ही नहीं बल्कि स्थानीय लोग भी खासे परेशान है। अगर उन्हें बाजार से घर आना हो तो ई रिक्शा चालक स्थानीय नागरिकों को बैठाना ही पसंद नही करते हैं। अगर अकस्मात कोई रिक्शा चालक चलने के लिए भी तैयार हो जाता है, तो वह बाजार से घर पहुंचने वाले किलो दो किलो मीटर के सफर के लिए 100 रुपये से कम लेने को तैयार ही नहीं होता। जिससे स्वयं वह प्रताड़ित है। अगर उसे गोपीनाथ बाजार से अपने आवास गौरा नगर कॉलोनी तक आना होता है, तो स्वयं उसे सौ रुपये देने होते है, या फिर सफर तक आने वाली अन्य सवारियो का इंतजार करना पड़ता है।

# देवी मंदिर के पिछले छोटे गेट को भव्य द्वार बनाने की मांग

## अशोक नगर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने अग्रवाल वैश्य पचांयत के प्रधान को सौंपा ज्ञापन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत नगर** निगम के वार्ड चार की अशोक नगर रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन और अशोक नगर मार्किट वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को देवी मंदिर की देखरेख करने वाली अग्रवाल वैश्य पंचायत के प्रधान काकु बंसल को प्राचीन देवी मंदिर के पिछले छोटे गेट को भव्य द्वार बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि अशोक नगर, रमेश नगर,तेज कालोनी, पटेल नगर, ग्रीन पार्क, जवाहर नगर, न्यू रमेश नगर, भगत नगर, कृष्ण नगर व दुष्यंत नगर आदि के रोजाना हजारों लोग मंदिर के पिछले यानि उत्तरी गेट का प्रयोग करते है। इन कालोनियों के लोगों की मांग है कि जिस तरह से अग्रवाल वैश्य पंचायत ने मंदिर के अगले मुख्य द्वार को भव्य बनवाया है, उसी तरह से पिछले गेट को भी भव्य बनाया जाये। वहीं मंदिर प्रधान काकु बंसल ने अगले 3-4 माह में देवी मंदिर के छोटे उत्तरी द्वार को भव्य बनाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सरपरस्त कामरेड पुष्पेंद्र शर्मा, प्रधान वीरेंद्र घनघस, मार्किट प्रधान हीरा कपूर, प्रेस प्रवक्ता अंशु नारंग, देवेंद्र सिंह व वैभव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री श्याम बाबा के दर्शन करने मात्र से ही पूरी होती मनोकामनाएं: देवेंद्र कादियान



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

श्री श्याम परिवार द्वारा सातवीं पैदल निशान यात्रा चुलकाना धाम में पहुंची। निशान यात्रा में मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। निशान यात्रा मॉडल संस्कृति स्कूल गन्नौर से आरंभ हुई, जिसमें श्री श्याम बाबा के दीवानों की टोली में महिला, पुरुष व बच्चे हाथों में निशान लेकर फूलों से बाबा की मस्ती में झूमते और होली खेलते हुए बाबा के धाम चुलकाना में पहुंचे। श्याम प्रेमियों ने बाबा के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की मन्नतें मांगी। इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बाबा के दीवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों को इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। धार्मिक कार्यों से जहां माहौल होता है वहीं मन को भी शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा के बुलावे के बिना कोई भी उनके दरबार मे नहीं आ सकता।

### रक्तदान शिविर लगाया गया

**पानीपतः आर्य** पीजी कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा पानीपत के नांगलखेड़ी गांव में 3 मार्च से 9 मार्च तक युवा सशक्तिकरण विषय पर लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्त की कमी के चलते हुए रैड क्रॉस के आह्वन पर ये शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया और शिविर के दौरान 54 यूनिट रक्तदान हुआ। वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर ब्लड बैंक, पानीपत से इंचार्ज डॉ. पूजा सिंघल ने विद्यार्थियों को एनीमिया के कारण व निदान पर जानकारी दी। जबकि प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस इकाई सेवा व समर्पण की भावना को जागृत करती है।

# विधायक, मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व पार्षद ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**विधायक** सुरेंद्र पंवार, नगर निगम मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया ने मिशन चौक पर पहुंचकर दुकानदारों की समस्याएं सुनी। दुकानदारों ने बताया कि मिशन चौक से ककरोई चौक तक रेलवे फ्लाइओवर के नीचे सड़क को नया बनाया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने व्यापारियों को बताया कि उन्होंने 25 करोड़ रुपये की लागत से शहर की सड़के बनवाने के लिए सड़को की सूची भेज दी थी, जिसमें से 1 करोड़ 26 लाख 88 हजार की लागत से मिशन चौक से कालूपुर चुंगी



तक बिटूमिंस की सड़क बनाई जाएगी, यह प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जल्द ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मंडी एरिया के व्यापारियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया कि मिशन चौक से ककरोई चौक फ्लाइओवर के नीचे रास्ता खस्ता हालत में हो गया है। कई स्थान पर गड्ढें भी हो गए है, जिसकी वजह से वाहनों का आवागमन होने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रास्ते की हालत ठीक न होने की वजह से ग्राहकों को भी आने में मशक्कत करनी पड़ती है। उन्होंने फ्लाइओवर के नीचे रास्ते को बिटूमिंस(तारकोल) से बनवाने की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि शहर की सड़कों की हालत सुधारने के लिए वह लगातार प्रयासरत्त है। इसके लिए उन्होंने विधानसभा में सड़कों की हालत सुधारने के लिए बजट की मांग की थी।

# राजीव जैन ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद सीवर लाईन खुलवाई

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**राजेन्द्र नगर,** कल्याण नगर में कई माह से सीवरेज जाम की समस्या जी का जंजाल बनी हुई थी। कालोनी वासी विशेषकर महिलायें इकट्ठी होकर निगम के अधिकारियों के चक्कर काट-काट कर थक चुकी थी। अंत में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन पूरे अमले के साथ पहुंचे और 6 घण्टे की मशक्कत के बाद लाईन खुलवाकर राहत दिलवाई। कालोनी वासियों ने राजीव जैन का आभार प्रकट करते हुए बताया कि टेलिफोन एक्सचेंज के बाहर 25 फुट गहरी सीवरेज लाईन है, जो



जाम रहती थी। इस लाईन में कल्याण नगर तथा राजेन्द्र नगर का सीवर जुड़ा हुआ था। राजेन्द्र नगर वासियों ने पूरी कालोनी में नई पाईप लाईन भी डलवा ली थी परन्तु तब भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। महिलाओं ने भाजपा नेता राजीव जैन से गुहार लगाई और वह स्वयं मौके पर भाजपा नेता सुरेश कथूरिया, नगर निगम के जे.ई. प्रविन्द्र कुमार, सीवरेज सफाई सुपरवाईजर संजय वलेचा के साथ मोटर व सुपर शाकर मशीन लेकर पहुंचे। जब लाईन के मेनहॉल का ढक्कन खुलवाकर देखा और मशीनों से पानी निकलवाया तो पता चला कि लाईन में जेट मशीन का पाईप फंसा हुआ है। ठेकेदार को बुलवाकर लाईन खुलवाने का काम शुरू हुआ तो बी0एस0एन0एल0 के अधिकारियों ने काम रूकवा दिया कि लाईन खोदने से हमारी पूरे शहर की केबल कट जायेगी। राजीव जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाईन में से जेट पाईप निकालने की दोबारा कोशिश करो नहीं तो लाईन ब्रेक करके नया मेनहॉल बनवा देंगे। कई घंटों की कोशिश के बाद लाईन में से जेट पाईप निकालने में कामयाब हो गये और कालोनियों का सारा पानी निकल गया, जिससे समस्या का स्थायी समाधान हो गया। इस मौके पर हर्ष कथूरिया, शेर सिंह ,भीम सिंह ,कमला, नीरज ,दीपांशु ,गीता देवी, सरोज, रितिका, संतरा, राधेश्याम, विशाल, शीला, अमन ,गुणवती हरि ओम , रेनू ,सुदेश, विशाल, सुमन ,करण सिंह ,मोहित, नीलम, वेद प्रकाश, आनंद, पावन, भीम आदि आदि कालोनी वासी उपस्थित थे।

### पूरे देश व प्रदेश के सभी प्रांतो में किसान संघ किसानों के हित में कार्य कर रहा है: पुनीत राई

**राईः** भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस खेवड़ा गांव में किसान संघ के जिला मंत्री संजु खेवड़ा के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि उत्तरप्रदेश के गन्ना प्रमुख सोमबीर त्यागी का निगम पार्षद व भाजपा नेता पुनीत राई ने शिरकत की। किसान संघ के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों, गरीबों मजदूर को हक दिलाने में किसान सभा अग्रणी रही है। सोमबीर त्यागी ने कहा कि खून पसीना बहाकर देश की जनता का पेट भरने के लिए अनाज पैदा कर रहे हैं, लेकिन किसान कर्ज तले दब रहे हैं। उन्होंने किसानों से एकजुट होने का आह्वान किया। किसान नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया जाएगा। निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि पूरे देश व प्रदेश के सभी प्रांतो में किसान संघ किसानों के हित में कार्य कर रहा है। आंदोलन, संघटन और प्रशिक्षण तीन पहलू किसान संघ के कार्य का आधार है। संघटन मजबूत करना, निश्चित वैचारिक धारणा से खड़ा करना यह भारतीय किसान संघ का प्रथम कर्तव्य है। संघटन में काम करने वाले कार्यकर्ता केवल भीड़ नही है। इस मौके पर प्रचार प्रमुख जयप्रकाश शर्मा, भाजपा नेता अनिल आंतिल, रमेश बढ़खालसा, तरूण प्रताप त्यागी, अरूण, दिनेश, कोषाध्यक्ष रामकिशन, अनिल आंतिल, अशोक कौशिक सुनील जिला महिला संयोजक,चांद मान आदि संघ के सदस्य मौजूद थे।

### कोर में महिलाओं ने सीखे आत्म रक्षा के गुर



**कोर** में जारी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के उपलक्ष्य में सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की कड़ी में आज महिलाओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया गया । श्री एस.एन. विद्यार्थी प्रख्यात मार्शल आर्ट एवं स्पोर्टस निदेशक, मुख्य अनुदेशक कराटे एवं वुशू , महासचिव, वुशू एसोसिएशन ऑफ प्रयागराज ने महिलाओं को विभिन्न हमलों से बचाव के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया । श्री विद्यार्थी को आत्म रक्षा एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के क्षेत्र में 25 वर्षों का अनुभव प्राप्त है।

# गोकुल में वात्सल्य भाव की होली देख निहाल हुए श्रद्धालु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

**ब्रज** में होली का उल्लास अपने चरम पर पहुंच रहा है। होली के अनूठे रंग चहुंओर बिखर रहे हैं। दूर दराज से हजारों की तादाद में लोग ब्रज की अनूठी होली का साक्षी बनने के लिए ब्रज में डेरा जमाए हुए है। कान्हा की बाल लीला स्थली गोकुल में शनिवार को छड़ीमार होली खेली गई। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली के बाद गोकुल की छड़ीमार होली में अपने आराध्य के प्रति वात्सल्य का भाव था। गोकुल में छड़ीमार होली उत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में



श्रद्धालु यहां पहुंचे। बरसाना और नंदगांव की होली के बाद फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी को गोकुल में प्रसिद्ध छड़ीमार होली खेली जाती है। शनिवार को गोकुल स्थित नन्दभवन मंदिर में विशेष इंतजामात किए गए थे। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर को बालकृष्ण के श्रीविग्रह को पालकी में बिठाकर नंद भवन से बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं के साथ साथ गांव की गोपियों ने सज धज कर अपने अपने हाथों में छड़ी लेकर हिस्सा लिया। ग्वाले भी शोभायात्रा में शामिल हुए। जगह जगह श्रद्धालुओं ने बालकृष्ण की आरती उतारी और फूलों के साथ ही जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। पूरे कस्बे के भ्रमण के बाद बालकृष्ण की शोभायात्रा कस्बे में यमुना किनारे स्थित मुरलीधर घाट पर सम्पन्न हुई। इसके बाद यहां पहुंचे ग्वालों और गोपियों ने आपस में छड़ीमार होली खेली। गोकुल में छड़ीमार होली के उत्सव को एक परंपरा के रूप में मनाया जाता है जो सालों से चली आ रही है।

# कृषि क्षेत्र में आगे बढने की अपार संभावनाएंः स्वामी सरस्वती

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में मशरूम उत्पादन प्रसंस्करण व विपणन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए करीब 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें मुख्य अतिथि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतवर्ष दो चीजों से जाना जाता हैं, एक है ऋषि, दूसरा है कृषि हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आगे बढ? की अपार संभावनाएं है। उम्मीद है कि प्रतिभागियों ने पांच दिवसीय



कार्यशाला में पूरा ज्ञान हासिल किया हैं, जिसे वे कृषि के क्षेत्र में लगाएंगे। जिससे देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश का किसान खुशहाल होगा तो तो देश आगे बढ़ेगा। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हासिल कर कृषि को ओर बढ़ाना हैं। क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान निदेशक डॉ. अजय सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि मशरूम की खेती कर युवा, किसान, महिलाएं न केवल सफल उद्यमी बन सकते है बल्कि अपनी आय को अन्य फसलों के मुकाबले तीन गुणा बढ़ा सकते हैं। मशरूम की खेती कम जमीन में भी की जा सकती हैं, लेकिन मशरूम की खेती को प्रशिक्षण लेकर किया जाए तो ये काफी बेहतर साबित होता हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखकर एमएचयू द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता हैं, जो लगातार चलता रहता हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया वे एमएचयू द्वारा बागवानी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न फसलों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करें, जो आय को बढ़ाने में सहायक होगा। मंच संचालन डॉ. हरजोत सिंह ने किया। मौके पर डॉ. मुनीष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### छाता में फूलडोल महोत्सव नौ मार्च को

**मथुरा।** देश में सिर्फ दो ही दिन होली का महोत्सव मनाया जाता है लेकिन ब्रज में बसंत पंचमी से ही धीरे-धीरे होली का खुमार छाने लगता है और ब्रज में अलग-अलग जगह होली को लेकर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं और इन आयोजनों का 40 दिन तक ब्रज में खुमार छाया रहता है। वहीं छाता नगर के प्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर में फूलडोल का भव्य महोत्सव नौ मार्च को किया जाएगा। मंदिर के सेवायत गौरव अविरल शास्त्री ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष होली के दूसरे दिन ढोल नगाड़ों के साथ फूलडोल उत्सव मनाया जाएगा जिसमे हजारों महिला पुरुष भक्त इसमें शामिल होते है।

# मुनित मोर पहलवान ने कुश्ती दंगल पुरखास में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**8 सावन सोनू अखाड़ा मांडोठी को 6.4 से हराकर फाइनल में सुभम मोखरा को चारों खाने चित्त कर के प्रथम स्थान हासिल किया**

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव पुरखास** में आयोजित कुश्ती दंगल में गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी लड़सौली के पहलवान मनीत मोर (बोल्ट) ने 42 किलोग्राम वर्ग में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेमी फाइनल में सावन सोनू अखाड़ा मांडोठी को 6.4 से हराकर फाइनल में सुभम मोखरा को चारों खाने चित्त



कर के प्रथम स्थान हासिल किया। 3100 रुपए इनाम भी जीता । मुनीत मोर की जीत पर गुरु हनुमान एके-डमी संचालक नवीन मोर पहलवान भारत केसरी, भीम अवॉर्डी। पूर्व इंडिया कबड्डी कैप्टन चांद राम मोर, प्रधान धर्मबीर मोर, रमेश मोर, नवीन मोर के पिता रामकुमार मोर, सरपंच भंबल मोर दविंदर फौजी, कोच दलबीर तूर, अजीत मालिक पहलवान, मुनीत मोर के पिता सतीश कला, पुरखास गांव के हैल्थ केयर सोनीपत के अध्यक्ष बलजीत राठी व डा. रवि ढांगी, डा. सुमित ढांगी आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संपादकीय

# पूर्वोत्तर ने दिखाया कांग्रेस को आईना

**पूर्वोत्तर** भारत के तीन राज्यों के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। वहीं यह चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी के लिए उत्साह बढ़ाने का काम करने वाले हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस को लग रहा था कि उसकी राजनीतिक स्थिति सुधर जाएगी, लेकिन पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस की आशा को ध्वस्त करने का ही काम किया है। कांग्रेस के नेताओं को जिस प्रकार से अप्रत्याशित परिणामों की उम्मीद दिखाई दे रही थी, परिणामों ने कांग्रेस के उड़ान भरते हुए पंखों को काटने का काम किया है। इस कारण एक बार फिर से कांग्रेस की राजनीतिक आकांक्षा को पलीता लगा है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस के नेता भारत जोड़ो यात्रा को राजनीतिक उत्थान के लिए रामबाण दवा मानकर चल रहे थे, लेकिन यह दवा भी कारगर सिद्ध नहीं हो पाई। कांग्रेस की गिरती हुई साख को बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा खेला गया यह यात्रा का दांव उलटा पड़ता हुआ नजर आ रहा है। अगर भगवान भरोसे पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस को संजीवनी मिल जाती तो इसे राहुल गांधी के लिए प्रचारित करने की होड़ शुरू हो जाती। यानी जीते तो राहुल के कारण और हारे तो उसके लिए राहुल जिम्मेदार नहीं। यही खेल कांग्रेस में वर्षों से चल रहा है। राजनीति के चुनावी खेल में जय और पराजय का खेल एक शाश्वत नियति है, लेकिन कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय राजनीतिक दल की इन राज्यों में दस प्रतिशत सीट भी नहीं आना गंभीर चिंता का कारण है। वह भी तब, जब उसके नेता राहुल गांधी ने जी-तोड़ मेहनत की, लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात वाला ही कांग्रेस के खाते आया। पूर्वोत्तर के इन तीन राज्यों ने कांग्रेस को आईना दिखाने का काम किया है, लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस के नेता अपनी तस्वीर को इस स्वच्छ आईने में अपने आपको देखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। अगर देखने का साहस करते तो लोकसभा चुनाव के बाद ही देख लेते। ऐसा लगता है कि कांग्रेस अभी तक धुंधले दर्पण में अपने आपकी छवि देखकर सपना पाले बैठी है कि कभी तो बिल्ली के भाग्य से छींका टूटेगा, लेकिन आज का मतदाता पहले जैसा नहीं रहा, उसने छींका की रस्सी को इतना सामर्थ्य प्रदान कर दिया है कि वह टूटने की आशा भी नहीं बनने दे रहा। इससे यही लग रहा है कि देश के मतदाताओं का विश्वास भाजपा के प्रति अब भी बना हुआ है, कांग्रेस लगातार सिमटती जा रही है। चुनाव परिणामों ने एक प्रकार से कांग्रेस की भावी योजनाओं पर तुषारापात किया है। उसे इन तीन में से किसी भी राज्य में विपक्ष में रहने लायक भी सीट नहीं मिली हैं। नगालैंड में कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर से शाम तक शून्य को ही निहारते रह गए। वहीं त्रिपुरा के चुनाव परिणामों पर टकटकी लगाए रहने के बाद भी केवल तीन सीट ही मिल पाईं और मेघालय में केवल पांच सीट ही मिल पाई हैं। कांग्रेस के राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डाली जाए तो मेघालय में कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन देखने को मिला है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यहां तीन दर्जन से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार पांच सीटों पर ही सिमट गई। तीनों राज्यों में विधानसभा की साठ-साठ सीटें हैं। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि राजनीतिक रथ कांग्रेस को किस राह पर ले जा रहा है।

# योगीराज में नहीं सहा जाएगा रामचरित मानस का अपमान

मृत्युंजय दीक्षित

> “ रामचरित मानस जैसे पवित्र ग्रंथ को जलाने की घटना पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि ऐसा कृत्य किसी और मत या मजहब के ग्रन्थ के साथ हुआ होता तो तब क्या स्थिति होती?उन्होंने कहा कि रामचरितमानस को जलाना देश- दुनिया के 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी इन्वेस्टर्स समिट की सफलता से आशंकित सपा ने रामचरित मानस और उसके रचयिता संत तुलसीदास का अपमान करके एक साजिश रची ”

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में तीखे तेवर दिखाए और राजनैतिक दलों का संरक्षण प्राप्त माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का उद्घोष किया। इसके साथ ही माफियाओं और उनके सहयोगियों के विरुद्ध जिस प्रकार का अभियान प्रारम्भ हुआ उससे यह बात बिल्कुल सत्य सिद्ध हो रही है कि यूपी के लिए योगी ही उपयोगी हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निदेशों के अनुरूप जिस प्रकार माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही हो रही है उससे हाईकोर्ट व निचली अदालतों का साहस भी बढ़ रहा है और अब वह निर्भय होकर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त माफियाओं के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सदन के दोनों सदनों मे दिये गये भाषणों में यह साफ कर दिया है कि माफिया को बचाने के लिए बड़े -बड़े नेता जो कवच देते हैं उसके बावजूद ऐसे अपराधी अब बच नहीं सकेंगे। मुख्यमंत्री के इन तीखे तेवरों के बाद गुजरात की साबरमती जेल में बंद माफिया अतीक अहमद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और अपनी जान की भीख मांग रहा है। समाजवादी सरकार में पले बढ़े माफिया जो यह सोचते थे उनके ऊपर कोई हाथ डाल ही नहीं सकता वो आज जमानत पाने के लिए तड़प रहे हैं । समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा समर्थित सभी माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, आजम खां, गायत्री प्रजापति व कानपुर के इरफान सोलंकी सहित अनेकों की कमर अब टूट रही है । योगी जी के विधानसभा वाले उद्घोष के बाद ऐसे अपराधी तत्वों व उनको संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्यवाही और अधिक तीव्र हो गई है। समाजवादी पार्टी सहित वह सभी राजनीतिक दल जिन्हें इन माफियाओं के सहारे राजनीतिक लाभ प्राप्त होता था और तुष्टिकरण की राजनीति पल्लवित होती थी वह बंद होता प्रतीत रहा है। यह सभी दल माफियाओं की गुंडागर्दी और अराजकता के बल पर ही चुनाव जीतते आ रहे थे। जन सामान्य पर योगी जी के, ह्लमाफिया को मिट्टी में मिला देंगेह्व उद्घोष का व्यापक प्रभाव पड़ा है और उसकी अपेक्षाएं भी उसी अनुपात में बढ़ गयी हैं । घरों की बैठकों से चाय की दुकानों तक और कार्यालयों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक इसकी चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि



अपराध के प्रति जीरो टालरेंस की नीति के तहत सरकार जो कार्रवाई कर रही है उसके परिणाम भी शीघ्र ही सामने आयेंगे। राह से भटके और माफिया की गोद में खेलते हुए समाजवाद पर तीखा हमला बोलते हुए योगी जी ने जातीय जनगणना की मांग कर रही समावजादी पार्टी की मांग की धार को कुंद करते हुए कहा कि समाजवादी बहुरूपिया ब्रांड है। प्रगतिशील समाजवाद, लोकतांत्रिक समाजवाद, प्रजातांत्रिक समाजवाद और इसके अलावा पारिवारिक समाजवाद। अमीरों को गरीब, गरीबों को गुलाम, बुद्धिजीवियों को को बेवकूफ और नेताओं को खुद को शक्तिशाली बनाने का सबसे बड़ा पाखंड ही समाजवाद है। योगी जी ने जाति की बात करने वाले अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्षों तक जाति व धर्म के आधार के पर माफिया को संरक्षण मिलता था।मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण समाजवादी सरकार तो आतंकियों की रिहाई के लिए भी पैरवी कर रही थी। पहले जातियों का समर्थन लेने के लिए राजनीतिक दलों ने माफिया का सहारा लिया फिर जातियों के आधार पर ताकतवर बनने वाले बाहुबली अपराधी खुद राजनीति में उतरे जिसमें माफिया मुख्तार अंसारी ने अपना एक क्षेत्रीय दल भी बना लिया था।आज यही अपराधी थर- थर कांप रहे हैं। एक दौर वह भी था जब ऐसे तत्वों के लिए चौराहों पर शेरो शायरी के आयोजन कर- के उनका महिमा मंडन किया जाता था। कुछ वर्षों पूर्व माफिया डॉन अतीक अहमद की तूती बोलती थी।एक शाम प्रयागराज में शायरों की उनके नाम की महफिल सजी थी तो एक शायर ने उसकी शान में कसीदे पढ़े थे।आज अतीक अहमद के गुर्गों के घर बुलडोजर से ध्वस्त किये जा रहे हैं। माफिया पर कार्यवाही हो रही है तो सेकुलर दल झूठा प्रचार कर रहे हैं कि प्रदेश में गरीब अल्पसंख्यकों के घर तोड़े जा रहे हैं ।

**रामचरितमानस की प्रतियाँ जलाना 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान - योगी**

रामचरित मानस जैसे पवित्र ग्रंथ को जलाने की घटना पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि ऐसा कृत्य किसी और मत या मजहब के ग्रन्थ के साथ हुआ होता तो तब क्या स्थिति होती?उन्होंने कहा कि रामचरितमानस को जलाना देश- दुनिया के 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी इन्वेस्टर्स समिट की सफलता से आशंकित सपा ने रामचरित मानस और उसके रचयिता संत तुलसीदास का अपमान करके एक साजिश रची। योगी ने सदन में बोलो, ह्लरामचंद्र की जयह्व का जयकारा देने वाले तुलसीदास को मध्य काल में रामचरित मानस और रामलीलाओं के माध्यम से पूरे समाज को एकजुट करने का श्रेय देते हुए कहा कि भगवान राम को अपना राजा मानने वाले संत ने मुगल बादशाह अकबर के बुलावे को यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि-

**हम चाकर रघुवीर के, पटौ लिखौ दरबार। अब तुलसी का होहिंगे, नर के मनसबदार।।**

योगी ने कहा कि रामचरित मानस अवधी में रची गई।अवधी भाषा में एक वाक्य है, ह्लभैया इतने देर से केका ताड़त रहा? ह्वफिर बताया कि यहां ताड़त का अर्थ देखने से है। तुलसीदास जी बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले के राजापुर गांव में जन्मे थे। बुंदेली में एक वाक्य है - भइया मेरे लड़िकन को ताड़े रख्यो। यहाँ ताड़े का क्या अर्थ है, देखे रहना । योगी ने वह चौपाई सुनाई, जिसको लेकर पाखंड फैलाया जा रहा है,

**प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्ही, मरजादा पुनि तुम्हरी कीन्ही।। ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, सकल ताड़ना के अधिकारी।।**

इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि यह प्रसंग तब आता है जब भगवान राम लंका जाने के लिए समुद्र से तीन दिन तक रास्ता देने की विनय करते हैं। समुद्र के रास्ता न देने पर लक्ष्मण जी प्रभु श्री राम को धनुष बाण देते हैं और भगवान राम धनुष पर तीर का संधान करके समुद्र को चेतावनी देते हैं। तब समुद्र प्रकट होकर इन पंक्तियों को कहता है। योगी ने कहा कि ढोल वाद्य यंत्र है और इस संदर्भ में गंवार से आशय अशिक्षित से है। शूद्र का आश्रय श्रमिक वर्ग से है किसी जाति विशेष से नहीं। योगी ने मानस की सप्रसंग व्याख्या जारी करते हुए कहा कि नारी का अर्थ नारी शक्ति से है।मध्यकाल में जब यह धर्म ग्रंथ रचा गया तो महिलाओं की उस समय की दयनीय स्थिति किसी से छिपी नहीं। बाल विवाह जैसी विकृतियां भी उस समय ही पनपी थीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा कार्यालय संत तुलसीदास के खिलाफ अभियान चला रहा है जगह -जगह मानस जैसे ग्रंथ का अपमान कर रहा है। ये नहीं हो सकता कि जिसकी मर्जी आए वह हिंदुओं का अपमान कर ले, अपने अनुरूप धर्मग्रंथ की विवेचना कर ले।उन्होंने कहा कि आपको गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि उप्र राम और श्रीकृष्ण, गंगा -यमुना और संगम की धरती है। इसी धरती पर रामचरित मानस और वाल्मीकि रामायण जैसे पवित्र ग्रंथ रचे गये जिसे जलाकर आप 100करोड़ हिंदुओ को अपमानित कर रहे हैं। योगी जी ने विपक्ष को स्पष्ट संकेत व संदेश दिया है कि समस्या के समाधान के लिए भाग लो या फिर भाग लो।

## कविता

**फकीरों को भला किसका डर होगा,**
**है खुदा, तो भला किसका डर होगा।**

**खुशियाँ बांटिए तेजी से हैं बढती,**
**गमों का भला हम पर क्या असर होगा।**

**उसके लिए है हर पल आनंद ही आनंद**
**फसानों का भला उस पर क्या कहर होगा।**

**दो पल की माया है दौलत, शोहरत,**
**फकीरों के लिए यह तो जहर होगा।**

**खुशी और गम,सिक्के के दो पहलु,**
**सोचो गम न हो तो कैसा शहर होगा।**

**जिंदगी की जंग जीतेगा वहीं,**
**जो ईमान का हम सफर होगा।**

**आज जी ले,जोश जूनून के संग,**
**अगला पल,बेइंतहा बेहतर होगा।**

**कर ले उपवास ईश्वर के नाम,**
**ऊपर वाला ही तेरा रहबर होगा।**

**संजीव ठाकुर**

# मगर चलिए समय की रेत पर....

**प्रियंका सौरभ**

**समय** से पहले और भाग्य से ज्यादा न कभी किसी को मिला है और ना ही मिलेगा। परंतु हम सिर्फ भाग्य के भरोसे नहीं रह सकते, व्यक्ति को अपने जीवन में पुरुषार्थ करना ही पड़ता है। बिना पुरुषार्थ के व्यक्ति यदि यह चाहे की सब कुछ मिल जाए जो मेरे भाग्य में है, वह कदापि संभव नहीं होता है। क्योंकि गतिमान जीवन यात्रा में इंसान की इच्छाएं अनंत होती है। बिना पुरुषार्थ के भोजन भी नहीं मिल सकता है और बिना पुरुषार्थ के किसान खेती भी नहीं कर सकता है। हां जी। मै तो यही मानती हू। मेहनत करो जितनी तुमसे हो सके और उसके बाद भी मंजिल ना मिले तो क्या कहेंगे इसे आप? भाग्य में लिखा होगा तो दौड़कर भी तुम्हारे पास तुम्हारी मंजिल आएगी और अगर भाग्य में नही है तो तुम कितने ही प्रयास कर लो तुम्हें तुम्हारी मंजिल मिलेगी ही नहीं। पर इसका मतलब ये नहीं है कि तुम हाथ पर हाथ रख कर बैठ जाओ कि भाग्य में होगा तो मिल ही जाएगा अपने आप तो ऐसा नहीं है। कहते है भगवान और भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो पूरी श्रद्धा और लगन से मेहनत में जुट जाते है क्यों माना जाता है कि समय से पहले और भाग्य से ज्यादा कभी किसी को कुछ हासिल नहीं हो पाता है? यह मानव जीवन विविधताओं से भरा हुआ है जहाँ व्यक्ति अपनी इच्छानुसार लक्ष्य का चुनाव करता है।उस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है,संघर्ष करता है। चूँकि समाज व्यक्ति का आकलन उसकी सफलता से करता है, कभी-कभी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर व्यक्ति का निराश होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थितियों में सकारात्मक वाक्य प्रेरक का कार्य करते है। जैसे-'समय से पहले और भाग्य से ज्यादा नहीं मिलता'। यह वाक्य बड़ा ढाढ़स देता है। विचलित होने से रोकता है,आशा का संचार करता है। अपने बहुत लोगों को देखा होगा कि कठिन परिश्रम के बाद भी वो सफल नही हो पाते और एक टाइम आता है जब वो निराश हो जाते हैं, उस वक़्त उन्हें हिम्मत ना हारकर ये सोचना चाहिए कि वक़्त से पहले कुछ नही मिलेगा,अभी तो बारी है सिर्फ धीरज से अपना काम करने की क्योंकि कही ऐसा ना हो कि आपका अच्छा समय भी आये,किस्मत भी अच्छी हो पर तब तक अपने मेहनत करना ही छोड़ दिया हो, उम्मीद ही छोड़ दी हो । इसीलिए कहा भी है कर्म करते रहो फल की चिंता मत करो। और कभी भी निराश नही होना चाहिये क्योंकि खराब घडी भी दिन में २ बार सही समय दिखाती है। हर कार्य अपने समय पर ही होता है। हम कितना जोर लगा लें कितनी हिम्मत कर ले इस सर्वभौमिक सत्य को कदापि नहीं बदल सकते हैं। यह संपूर्ण सृष्टि भी एक दिन में नहीं बन गई थी। उसका भी विकास क्रमश हुआ था। हम अपने इस भौतिक जीवन में देखते हैं हैं कि किसान जमीन खोदकर तैयार करता है और उसमें बीज डालता है।

## विचार

# श्रद्धा और निष्ठा की विजय यानी होलिका दहन

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

**फाल्गुन** महीने की पूर्णिमा को हुताशणी का यानी होलिका का व्रत करने का विधान है। यह बात सांप्रतकाल से यानी युगोयूगों पहले की है, परंतु सत्य के आगे असत्य कभी टिका नहीं या टिक भी नहीं सकता। यह एक परम, शाश्वत और सनातन सत्य है। निष्ट का जतन और अनिष्ट का दहन यानी होलिका दहन। मानवजीवन की कमजोरी, वाणीविलास की लालसा और अहं कहीं न कहीं आड़े आए बगैर रहता नहीं, पर धर्म, नीति, सत्संग और संस्कार इसे दबा देते हैं। होलिका पर्व का भी कुछ ऐसा ही है। आस्था, श्रद्धा और निष्ठा का अहं से टकराव है। होली के साथ एक पौराणिक कथा जुड़ी है। 0 होली के उत्सव की मुख्य पौराणिक कथा

हिरण्यकशिपु नाम का राक्षस अपने जीवन में संसार में खुद ही महान है यह साबित करने वाला असुर, जहां देखो वहां अपना ही महत्व इस तरह की ओछी विचारधारा रखने वाला असुर, भोगी और स्वार्थी था। बिना स्वार्थ के एक कदम भी आगे न बढ़े, इस तरह की उसकी मनोवृति थी। खुद को ही वह ईश्वर समझता था। इस असुर के घर में एक सुंदर और पवित्र बालक का जन्म हुआ। उसका नाम प्रह्लाद था। यह पुत्र भगवान का ही अंश था। बालक प्रह्लाद नारायण को बहुत मानता था। पिता असुर हिरण्यकशिपु ने अपने साम्राज्य को एकछत्र रखने के लिए प्रह्लाद को नारायण से दूर रखने की कोशिश की। अनेक प्रयत्न करने के बाद भी वह इस बालक को नारायण से दूर नहीं कर सका। अंत में यह असुर बालक को मृत्युदंड देने को तैयार हुआ और बालक प्रह्लाद को जीवित जला देने का विचार किया।

बहन होलिका को ब्रह्माजी का वरदान था कि अग्नि उसे स्पर्श नहीं कर सकती। होलिका सद्वृत्ति की थी। वह प्रह्लाद को बहुत प्यार करती थी। उसे अग्नि नहीं जला सकती, इस वरदान के आधार पर वह प्रह्लाद को बचा लेना चाहती थी। प्रह्लाद को गोद में लेकर वह चिता पर जा बैठी। गोद में बैठा प्रह्लाद अष्टाक्षर मंत्र का जाप करता रहा। अग्नि प्रकट हुई। सद्वृत्ति का यह बालक हमेशा प्रभु का नामस्मरण करता था, इससे प्रभु ने उसे बचा लिया। होलिका के साथ प्रह्लाद था, इसलिए उसका वरदान निष्फल गया और वह जल कर भस्म हो गई। कहने का तात्पर्य यह है कि जो हमेशा प्रभु को अपने साथ रखता है, अपने दिल में रखता है, प्रभु कभी उसका अहित नहीं होने देते।

**होली के पवित्र दिन होलिका और अग्निदेव का पवित्र पूजन**

इस पवित्र त्योहार की संध्या को हर घर के बाहर या हर चौक पर इस त्योहार की याद में उपलों और लकड़ियों को एकत्र कर अग्नि प्रज्वलित की जाती है। अग्निदेव और होलिका दोनों का पवित्र पूजन किया जाता है। एक तो अग्निदेव का पूजन इसलिए कि सत्यनिष्ठ, प्रभुनिष्ठ, सद्वृत्ति के प्रह्लाद को बचा लेने के लिए नगरजनों ने खास अग्निदेव से प्रार्थना की थी। दूसरे होलिका पूजन इसलिए करते हैं कि होलिका एक सद्वृत्ति स्त्री थी। उसने अपने वरदान से प्रह्लाद को बचा लिया था और उसके लिए खुद जान दे दी थी। इसलिए होलिका की आत्मा की शांति के लिए प्रज्वलित अग्नि की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु जल छिड़कते हैं। इसके अलावा अग्निदेव और होलिका को अबीर गुलाल, कुमकुम, चावल और फूलों द्वारा भी पवित्र पूजा की जाती है।

**विशेष में खजूर, धनिया और दलिया का प्रसाद भी चढ़ाया जाता है।**

**होलिका उत्सव के साथ-साथ इस दिन विविध उत्सव**

बसंत के वैभव में कामांध कामदेव ने शिवजी पर अपना जादू चलाने का प्रयास किया था और शिवजी का ध्यान भंग किया था। तब सदाशिव ने गुस्सा हो कर कामदेव की कामांध प्रवृत्ति यानी कामवासना को खत्म कर इसी दिन कामदेव का दहन किया था।

* वृजभूमि में यह उत्सव फाग उत्सव के रूप में मनाया जाता है। खास कर श्री वैष्णव का होली उत्सव इस तरह मनाया जाता है। वैष्णव होलिका दहन के बजाय पूतना दहन करते हैं। वृज में बच्चे फाल्गुन सुद 14 को पूतना की प्रतिमा बना कर उसे जलाते हैं और पूर्मिमा को रंगों से होली खेलते हैं। भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण को अपराध बोध सता रहा था कि राधा बहुत गोरी है और वह खुद श्याम वर्ण के थे। दोनों के रंगों में खासा अंतर था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग

# गधों का होली मिलन समारोह

**रेखा शाह आरबी**

**जंगल** में गधों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था । सबको पूर्व सूचना दे दी गई थी कि--' रंग अबीर अपने साथ अपने घर से ही लाना है ' गधे थे इसलिए जो हो जाए तो कम ही है.. खैर रंग अबीर लाने पर ही होली मिलन समारोह में एंट्री मिलने की संभावना थी " वरना कृपया ना आए "ऐसा भी ऑप्शन रखा गया था । गधों का समारोह था इसलिए इतनी इज्जत और तहजीब मान मयार्दा रखी गई थी इंसानों का होता तो इतनी भी उम्मीद रखना बेकार था । सभी देशों के गधे काफी उत्साहित थे। होली मिलन समारोह का हिस्सा बनने के लिए सब अपने-अपने क्षमता अनुसार वेशभूषा आभूषण धारण करके रंग रंगीले बांके छैल छबीले सजीले गधे बनकर आने वाले थे ऐसी पूरी संभावना थी। होली मिलन समारोह के दिन सबसे पहले समारोह स्थल पर अमेरिकी गधे ऊंचा सुर लगाते हुए आए । अपने आप को सबसे ज्यादा सुपरमैन समझने की आत्ममुग्धता उन पर पूरी तरह हावी थी । उनके आने के कुछ ही देर बाद रसिया वाले गधे भी खूब शोर मचाते हुए आए अमेरिकी गधों को देखते हुए... लगे मुंह बिचकाने ..ऐसा लगा मानो कहीं यहां पर भी किसी नए शीत युद्ध का आगाज ना हो जाए। इसीलिए दोनों को कुछ दूरी पर कुर्सियां दे दी गई। चाइनीज गधे अपनी छोटी छोटी आंखें मिचमिचाते हुए और पूरे समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए आए। उनका तो वही हाल है" राम राम जपना.. पराया माल अपना" वैसे तत्कालिक बात व्यवहार को देखते हुए रसिया के बगल में उसे कुर्सी दे दी गई! चाइनीस गधे रसिया के बगल से ही बैठकर अमेरिकी रसिया के शीत मनमुटाव का अवलोकन करने लगे और अपने लिए गुंजाइश भी खोजने लगे । तभी यूक्रेनी गधे भी गिरते पड़ते आए सीधे जाकर अमेरिका की गोद में आकर बैठ गए यूक्रेनी गधे सच में पूरी तरह गधे ही थे.. जो अच्छे भले देश को कबाड़ बनवा लिया ..अरे जब गोद में ही बैठना है तो क्या रसिया क्या अमेरिका .. कम से कम घर तो बचा रहता।

तभी समारोह स्थल के मेन गेट पर हो हल्ला आवाज सुनाई देने लगी सभी लपक कर उधर गए तो देखा पाकिस्तानी गधे थे उन्होंने रंग अबीर के साथ-साथ हाथ में कटोरा भी पकड़ हुआ था । जिसके चलते उन्हें सुरक्षाकर्मी अंदर प्रवेश नहीं करने दे रहे थे। सुरक्षाकर्मियों के मना करने पर पाकिस्तानी गधों ने दो टूक कह दिया.... देख लो भाई मैं तो कटोरा लेकर ही अंदर जाऊंगा क्या पता कुछ इमदाद मिल जाए सभी गधे एक जगह इकट्ठे हैं सबके देश जाने का किराया खर्च पानी नहीं है मेरे पास... इसलिए मैं ऐसा स्वर्णिम अवसर चूक नहीं सकता।

# चोंचलों की दुनिया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**आजकल** फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुँचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुँह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है। एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुँह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बाँकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुँचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुँचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनकी नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूँकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 05 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी को सीएम योगी की सौगात

## यूपी में 115 नई बसें शुरू, इनमें 76 राजधानी बसें, यह हर जिले को लखनऊ से कनेक्ट करेंगी, पैनिक बटन जैसी हाईटेक सुविधाएं

### यात्रियों को राहत

**बसों की टाइमिंग को इस तरह रखा जाएगा कि यह सुबह 9.30 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी**





**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**होली से** पहले यूपी में 115 नई बसें शुरू हुई हैं। इनमें से 76 राजधानी बसें हैं। ये प्रदेश के 75 जिलों से लखनऊ के लिए चलेंगी। इसके अलावा 39 साधारण बसें हैं। सीएम योगी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजधानी बसें हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं। इनमें पैनिक बटन है। सीसीटीवी लगा है। बस में यात्रा के दौरान पीड़ित को 8 मिनट के अंदर पुलिस सहायता मिलेगी। रोडवेज की वेबसाइट से इनके टिकट की बुकिंग हो सकती है। राजधानी बसों की टाइमिंग को इस तरह रखा जाएगा कि यह सुबह 9.30 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी। वहीं, शाम को वापस अपने जिलों के लिए लखनऊ से रवाना होगी। ऐसे में अगर कोई लखनऊ में अपने किसी भी काम के लिए के लिए आते हैं, तो उसके पास एक दिन में ही काम करा कर वापस लौटने का मौका रहेगा। सीएम योगी ने अपने आवास से बसों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, "यात्री मोबाइल पर खाना और नास्ते का ऑर्डर दे सकेंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में 1 लाख गांव को परिवहन सेवा से जोड़ने का काम किया जाएगा।" सीएम ने परिवहन मंत्री दयाशंकर से कहा कि इसको लेकर आप प्लानिंग करे। इसमें छोटे गांव में 30 सीटर बसें चलेंगी। राजधानी बस का किराया साधारण बस की अपेक्षा 13 पैसे प्रति किलोमीटर ज्यादा होगा।

**परिवहन मंत्री को लेकर सीएम ने ली चुटकी:** सीएम योगी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा दयाशंकर सिंह बलिया के लिए बस सेवा शुरू करना चाहते थे। अब बलिया के लिए सेवा शुरू होती तो बाकी जिलों से होकर गुजरना होता। ऐसे में पूरे प्रदेश की भलाई करते हुए 115 बसों की शुरूआत हुई है।

**'स्वास्थ्य विभाग के साथ हो एमओयू साइन':** सीएम ने कहा, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक एमओयू साइन किया जाए। इससे समय-समय पर ड्राइवर और कंडक्टर की मेडिकल जांच हो।

### यात्री दे सकेंगे सफर का फीडबैक

**ऐप** के माध्यम से कोई यात्री अपने सफर से संबंधित कोई जानकारी देना चाहता है, तो एप में इसकी सुविधा है। अपने फीडबैक में कंडक्टर का व्यवहार, ड्राइवर सही से बस को ड्राइव कर रहा था या नहीं। ऐसे ही दस बिंदुओं पर यात्री अपने फीडबैक को दे सकते हैं। उनके सफर का अनुभव सीधे विभाग के अधिकारियों तक पहुंचेगा। उनके सुझावों से हमें अपनी सेवाओं में सुधार का भी अवसर मिलेगा। युजवेंद्र कुमार ने बताया कि ऐप में यात्रियों के लिए हेल्पफुल फीचर्स दिए गए हैं। इसमें यात्री अपने पुराने सफर को ट्रैक कर सकेंगे। इसमें उनके सभी पुराने ट्रांजेक्शंस को संभाल कर रखा जाएगा। इसके अलावा यात्रियों को टिकट बुक करते समय बस चुनने का मौका मिलेगा। यदि यात्री वॉल्वो बस से सफर करना चाहते हैं तो उनके रूट पर कोई वॉल्वो बस संचालित हो रही है या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें ऐप पर मिल जाएगी। इसी तरह उनके रूट पर नॉन-स्टाप बस है तो वह भी दिखाई देगा।

**ऐसे कर सकते हैं ऐप का इस्तेमाल:** ऐप को का उपयोग करने करने के लिए पहले गूगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड करना होगा। फिर इस पर खुद का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसमें आपको अपनी आइडेंटिटी के लिए कोई सरकारी डॉक्यूमेंट नंबर (आधार कार्ड या पैन कार्ड) की जानकारी देनी होगी। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आपका आईडी और पासवर्ड जेनरेट हो जाएगा और अब आप ऐप का इस्तेमाल कर सकेंगे। होम पेज पर आपको कहां से कहां की यात्रा करनी है, इसकी विंडो ओपन रहेगी। यहां से आप डायरेक्टर टिकट बुक कर सकते हैं।

## बर्ड फ्लू से डरने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची/टीम एक्शन इंडिया**
होली से पहले बर्ड फ्लू की दस्तक ने चिकन प्रेमियों के रंग में भंग डाल दिया है। होली के त्योहार से पहले झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक से लोग परेशान हैं। बोकारो के बाद रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इस मामले पर शनिवार को विधानसभा के बाहर स्वास्थ्य मंत्री ने बयान दिया। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने कहा कि अखबारों में बर्ड फ्लू की खबरें आ रही हैं। पशुपालन मंत्री और विभाग सारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। डरने की बात नहीं है। साथ ही कहा कि जब-जब बर्ड फ्लू आया है, हम ज्यादा मुर्गा खाये हैं। हां, मुर्गा को थोड़ा ज्यादा भूनकर खाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, दुमका और अन्य जिलों के साथ साथ राजधानी रांची में भी तीन मार्च को बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं।

## मेरे जन्मदिन पर एक पौधा लगा दें: शिवराज



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 5 मार्च को वे अपना जन्म-दिवस पूरे दिन कार्य कर मनाएंगे। जन-प्रतिनिधि और नागरिकों आदि से पुष्प-गुच्छ और अन्य तरह का स्वागत स्वीकार न कर पौध-रोपण से ही दिन की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान शनिवार सुबह श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि उन्होंने जन-प्रतिनिधि कार्यकर्ता और आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे मुझे स्नेह करते हैं, तो मेरी जन्म वर्षगाँठ पर एक पौधा अवश्य लगा दें। साथ ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता का कार्य भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय बहुत महत्वपूर्ण है, बधाईयाँ प्राप्त करने में समय व्यतीत नहीं करेंगे। रविवार को भोपाल में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लांचिंग का महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी हो रहा है।

### अपील

**यदि वे मुझे स्नेह करते हैं, तो मेरी जन्म वर्षगाँठ पर एक पौधा अवश्य लगा दें: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**

**इन्दौर में पेड़ों की देखभाल के लिए शुरू की गई "ट्री-एम्बुलेंस" प्रशंसनीय पहल:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इन्दौर अद्भुत नगर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं- "इन्दौर एक दौर है जो समय से आगे चलता है।" इन्दौर में ट्री-एम्बुलेंस प्रारंभ कर एक और नवाचार किया गया है। अभी तक मनुष्यों और मवेशियों के लिए एम्बुलेंस का संचालन किया जाता है। अब इन्दौर शहर में सड़कों के किनारे, डिवाइडर और शहरी उद्यान में लगे बीमार पौधों की देख-भाल का जिम्मा ट्री-एम्बुलेंस के पास रहेगा।

## 'कार्यकर्ता के रूप में मोदी के नेतृत्व में चलकर मैं साथ हूं'



**बीकानेर/टीम एक्शन इंडिया**
**राजस्थान** की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने अपने जन्मदिन से पहले बीकानेर संभाग के चूरु जिले के सालासर में बालाजी की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने बाद में जनसभा को संबोधि करते हुए कहा कि वे संगठन की कार्यकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के नेतृत्व में चलकर मैं आपके साथ हूं। अपने भाषण में वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए भावुक भी हुईं और बोलीं कि वे मेरे राजनीतिक गुरु हैं और आज मैं जो भी हूं उन्हीं की वजह से हूं। राजे ने बजरंग बली के जयकारे लगने के साथ ही 'हे बजरंग बली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण' का नारा बुलंद करते हुए भीड़ की तरफ हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकारते हुए कहा कि मुझे आप सबसे प्यार है। मेरे जन्मदिन के दिन राजस्थान के कोने-कोने से लोग आकर मुझे प्यार देते हैं। राजमाता ने मुझे यह सिखाया था, राजस्थान की भूमि के लिए जान भी देनी पड़े तो पीछे मत हटना। वे बोलीं कि चार साल में उतार चढ़ाव में आपने मेरा साथ नहीं छोड़ा। आपने पहली बार 2003 में 120 सीटों के साथ भाजपा को जिताया। 2013 में मैंने सुराज संकल्प यात्रा में देखा कि कांग्रेस ने प्रदेश का क्या हाल कर दिया। आपने इतिहास रचा और विधानसभा में 163 और लोकसभा में 25 सीटें दीं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने शनिवार सुबह बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

### भावुक हुई

**भैरोंसिंह को याद करते हुए भावुक भी हुईं और बोलीं कि वे मेरे राजनीतिक गुरु हैं और आज मैं जो भी हूं उन्हीं की वजह से हूं**

## नियमों की उड़ा रहे धज्जियां, सरपट दौड़ रहे हैं पंजाब के बाइकर

**मंडी/टीम एक्शन इंडिया**
**होली** व होला उत्सव के आते ही हिमाचल की सडकों पर पंजाब के बाइकरों का मौत को दावत देता खेल नजर आने लगता है। इन दिनों हजारों बाइकर यातायात नियमों को धज्जियां बताते हुए सडकों पर सरपट दौड़ रहे हैं। सिलैंसर को खोल कर, बड़े-बड़े झंडे लगाए, बिना हैलमेट, तीन-तीन सवार होकर ये बाइकर ऐसे दौड रहे हैं कि दूसरे चालकों को साइड में होकर अपनी जान बचाना पड़ रही है। हैरानी तो यह है कि हर जगह चालान बुक थामे व सीसीटीवी कैमरों के जरिए ऑनलाइन चालान करने वाली पुलिस इन बाइकरों के आगे लाचार है जबकि स्थानीय लोगों के धड़ाधड़ ऑनलाइन व ऑफलाइन चालान हो रहे हैं। इस बात को लेकर लोगों में चर्चा भी है और हैरानी भी है। तीन-तीन सवारियां एक बाइक पर सवार होकर तेज स्पीड से दौडना आम है जबकि हैलमेट तो किसी के सिर पर नहीं है। उपर से बड़ा झंडा लगाए ये बाइकर अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरे चालकों के लिए भी मौत को दावत देते नजर आ रहे हैं।

### कानून की परवाह नहीं

**तीन-तीन सवार होकर ये बाइकर ऐसे दौड रहे हैं कि दूसरे चालकों को साइड में होकर अपनी जान बचाना पड़ रही है।**

## 'लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं'

**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए बहनों को भटकने की आवश्यकता नहीं है। भोपाल में 5 मार्च को योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में भी बहनों को इस योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने बहनों के नाम संदेश में कहा कि "मेरी प्रिय लाड़ली बहनों, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने के लिए भटकने की जरूरत नहीं है। मूल निवासी और आय प्रमाण-पत्र की भी आवश्यकता नहीं है। आप अनावश्यक परेशान न हों। इस योजना का लाभ लेने आपके गाँव, आपके शहर और आपके वार्ड में अधिकारी-कर्मचारी की टीम आएगी और वहीं बैठ कर आवेदन भरवाएगी। आप बिल्कुल परेशान न हों, आपका भाई है ना। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना को बहुत सरल बनाया गया है। रविवार 5 मार्च को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक होने वाले कार्यक्रम में विस्तार से जानकारी दूंगा कि योजना का लाभ कैसे उठाना है।






## मीडिया कर्मियों को दी धमकी

**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
पश्चिम बंगाल में एडिनोवायरस की वजह से बच्चों की लगातार हो रही है। इस मामले को कवर करने पहुंचे मीडिया कर्मियों को राज्य के स्वास्थ्य निदेशक सिद्धार्थ नियोगी ने धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि कैमरा जब्त करवा दूंगा। दरअसल, महानगर के राजकीय बीसी रॉय शिशु अस्पताल से पांच घंटे के अंतराल पर तीन बच्चों की मौत की खबर मिली। सभी में एडिनोवायरस संक्रमण के लक्षण थे। उसके कवरेज को लिए मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे थे।

## जोशीमठ प्रभावितों के लिए प्री फ्रेबीरकेटेड भवन बन कर तैयार



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का कार्य तेजी से जारी है। उद्यान विभाग की भूमि पर प्री फ्रेबीकेटेड भवन निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। ढाक में भी कुछ फ्रेबीकेटेड भवन तैयार हो गए हैं।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को उद्यान विभाग की भूमि में निर्मित प्री फ्रेबीरकेटेड भवन और ढाक में संचालित भवन निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि ढाक में अवशेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। साथ ही यहां पर जो भवन तैयार हो गए हैं, उनमें प्रभावितों को तत्काल शिफ्ट किया जाए। जोशीमठ में उद्यान विभाग की भूमि पर 1 बीएचके, 2 बीएचके और 3 बीएचके भवन तैयार हो चुके हैं। ढाक में 15 फ्रेबीकेटेड भवनों में से कुछ भवन पूर्ण रूप से तैयार कर लिए गए हैं और कुछ भवनों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यहां पर फिनिशिंग का काम चल रहा है।

### निर्देश

**प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की, बचत सखी कार्यक्रम का भी किया लोकार्पण**

## 'अधिकारी गांवों में चौपाल लगाकर जन समस्याओं का करें निस्तारण'



**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को वाराणसी दौरे के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत बचत सखी कार्यक्रम का लोकार्पण भी किया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समूह की दीदीयों द्वारा तैयार किये गये हर्बल गुलाब, बुके इत्यादि को देखकर उनके कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने विकास खंड चोलापुर में अर्बन मिशन के अंतर्गत बने पाली हाउस में बनी 10 दुकानों का आवंटन प्रमाण पत्र भी समूह की महिलाओं को दिया। पाली हाउस में आर्गेनिक सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बीसी सखी के अंतर्गत लोगों का भी लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं द्वारा बन रहे श्रीप्रसादम की भी प्रशंसा की।

जिले में बन रहे आदर्श अमृत सरोवर की जानकारी लिये जाने के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 20 सरोवर को आदर्श रूप दिया जा रहा। जिसको जी-20 की बैठक के दौरान आने वाले अतिथियों को भी दिखाया जायेगा। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से गावों में जन चौपाल लगाकर लोगों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण का आदेश भी संबंधित विभागों को दिया।